हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 10 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री



10 मजदूरी दिवस में कटौती आंदोलन करेंगे कांग्रेसी



11 छात्रों ने चित्रकला, निबंध, स्लोगन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान






## खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हुई ठगी



**भिलाई।** बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी के साथ शेयर मार्केट के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 3(5), 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 97 बी-4नेहरू नगर ईस्ट भिलाई निवासी हरिकृष्ण तिवारी के वाट्सअप पर अज्ञात ने एक लिंक भेजा। जिसमें शेयर के माध्यम से अधिक रकम का लालच दिया गया। उसमें अपना डिटेल भरने को बोला गया। जिसमें पीड़ित ने डिटेल अपडेट किया। जिरोधा ब्रोकिंग कंपनी के माध्यम शेयर खरीदने के लिये अज्ञात ने बताया। पीड़ित ने अपने खाते से युपीआई के माध्यम से 7 बार में 1 लाख 70 हजार रुपए अज्ञात को भेजा। रकम लाभ समेत निकालने के लिये उन लोगों से 28 अप्रैल को बोलने पर आनाकानी करने लगे। जिरोधा ब्रोकिंग कंपनी बैंगलोर मे स्थापित है। कंपनी के नाम पर ठगी किया गया। परेशान होकर शिकायत पुलिस में किया गया।

### सितंबर माह तक बंटेंगे तीनों जिले के किसानों को केसीसी लोन

# खरीफ फसल के लिए सवा तीन लाख किसानों को बंटेंगे 14 सौ करोड़ रुपए

आलोक तिवारी ⏭ दुर्ग

**जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा वर्ष 2025-26 में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले के सवा तीन लाख किसानों को 14 सौ करोड़ रूपए कर्ज बांटने का टारगेट रखा गया है। जीरो प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाले कर्ज के लिए इन दिनों किसान बैंक भी पहुंचने लगे है। खास बात यह है कि, पिछले साल किसानों द्वारा किए गए भुगतान से अधिक इस बार कर्ज वितरण की तैयारी हैं। दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के 3 लाख 15 हजार किसानों को खरीफ सीजन के लिए कर्ज मिलेगा, तीनों जिले को मिलाकर 1400 करोड़ का कर्ज जिला सहकारी बैंक ने अपेक्स बैंक से कर्ज लिया है।**

जिसे अब बैंक किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराएंगी। बडी बात यह है कि, इस बार राज्य शासन द्वारा धान के आलावा दलहन और तिलहन के लिए कर्ज देने का प्रावधान किया गया है।

खास खबर

ताकि फसल चक्र में परिवर्तन कर धान के आलावा अन्य फसल की ओर किसानों का रूख बढे। अफसरों ने बताया कि, खरीफ वर्ष 2025 के लिए दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के लगभग 3 लाख 15 हजार किसानों को 1400 करोड़ रुपए कर्ज दिया जाएगा। अपेक्स बैंक के माध्यम से जिला सरकारी बैंक को फ्री पोस्ट 2025 के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




### किसानों को मिलेगी राहत

दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बालोद, बेमेतरा और दुर्ग विकासखंड के किसान शामिल रहते हैं, इस वर्ष शासन में जिस तरह से उपलब्ध कर्ज निर्देश दिया है। उससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। दुर्ग जिले में 830 हजार 140, बालोद जिले में 1 लाख 1532 और बेमेतरा जिले में 1 लाख 12 हजार 807 हजार किसानों को 14 सौ करोड़ रूपए का कर्ज दिया जाएगा।

### धान बेचने के दौरान होती है कटौती

खरीफ सीजन के लिए किसानों को आगामी तीस सितंबर तक हर साल कर्ज वितरण किया जाता हैं। कर्ज वितरण के बाद अल्पावधि यानि आगामी तीस मार्च तक किसानों का कर्ज का भुगतान करना होता है। अन्यथा किसानों को निजी बैंक की तरह बारह से तेरह फीसदी तक ब्याज का भुगतान करना पड़ता है। किसानों को नगद साठ और चालीस फीसदी खाद सामग्री का वितरण किया जाता हैं।

### पिछले साल के आधार पर टारगेट तय

खरीफ वर्ष 2024 में जिला सरकारी बैंक दुर्ग द्वारा ऋण वितरण किए गए थे। पिछले साल तीनों जिले के तीन लाख दस हजार किसानों ने 1266 करोड़ का कर्ज पटाया था। उस दौरान किसानों द्वारा पटाए गए कर्ज के आधार पर इस बार 14 सौ करोड का टारगेट तय किया गया है। इसमें धान के साथ ही दलहन, तिलहन मिलेट्स, उद्यानिकी, गन्ना फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण किया गया है।

**बंटेंगे कर्ज**

तीनों जिले के किसानों को इस बार खरीफ सीजन में 14 सौ करोड़ रूपए का कर्ज वितरण किया जाएगा। पिछले कर्ज भुगतान करने वाले किसान नए कर्ज की एंट्री भी करा रहे हैं। समितियों के माध्यम से किसानों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके बाद सत्यापन कर किसानों को कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। **-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### खदान में काम करने वाले युवक की हत्या आरोपी फरार



**भिलाई।** खदान में काम करने वाले युवक की हत्या कर फरार होने आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है। एसडीओपी अनुप लकड़ा ने बताया कि उतई थाना अंतर्गत ग्राम छाटा में आपसी रंजिश के चलते चार लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक हरिशंकर कटियारे किराए के मकान में रहता था। वहां कुछ युवकों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद हरिशंकर को चार युवकों ने मिलकर पीटा। घटना में हरिकिशन बेसुध हो गया, तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हरिशंकर को पाटन के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं हो पाया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। मामले में पुलिस संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसका खुलासा शनिवार को किया जा सकता है।






## खबर संक्षेप



### पन्द्रह दिन में मिलेंगे उपादान की राशि

दुर्ग। वित्त लेखा व अंकेक्षण विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने एमआईसी भवन के कक्ष में विभाग समिति की बैठक ली। बैठक में दुर्ग शहर के विभिन्न निजी तालाबों के स्वामित्व के लिए समिति का गठन किये जाने का विचार किया गया। प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने समिति के सदस्यों व अधिकारियों के साथ उपादान की राशि की समीक्षा कर उपादान राशि की सूची का अवलोकन किया। उन्होंने सूची जांच करने के बाद अधिकारी से कहा सूची अंतर्गत जितने भी नाम दर्ज है सभी को 15 दिन के भीतर उपादान की राशि किस्तों में भुगतान करें। साथ ही उन्होंने डिटिजल रिकार्ड के लिए भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट से संबंधित अपना दस्तावेज लेखा वित्त में जमा करे। बैठक में देवनारायण तांडी, विजयंत पटेल, मनीष बघेल, संजय अग्रवाल, अब्दुल खालिक, सावित्री देवी दमोहे, मनोज सोनी, साजन जोसेफ, हिरोंदी नंदनिया, लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा, योगेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### दुर्गेश को समाधान शिविर से मिली राहत



दुर्ग। ग्राम बोरीगारका निवासी कृषक दुर्गेश वर्षों से अपनी भूमि के कागजात को लेकर असमंजस में रहे। दुर्गेश के लिए समाधान शिविर वरदान से कम नहीं रहा। दुर्गेश की ऋण पुस्तिका जीर्णोद्धार स्थिति में थी, पुराने दस्तावेज धुंधले पड़ चुके थे और समय पर नवीनीकरण न होने से वह किसी भी वित्तीय सहायता या कृषि ऋण के लिए पात्र नहीं हो पा रहे थे। दुर्गेश ने समाधान शिविर में अपनी समस्या रखी, जहां विभागीय अधिकारी नायब तहसीलदार क्षमा यदु ने तुरंत संज्ञान लेते हुए दस्तावेजों की जांच की। प्रक्रिया को प्राथमिकता में लेते हुए उनकी पुरानी, क्षतिग्रस्त ऋण पुस्तिका का नवीनीकरण कर एक नई पुस्तिका जारी की गई। नई ऋण पुस्तिका मिलने के साथ ही दुर्गेश अब बैंक से कृषि ऋण लेने में सक्षम हो गए हैं। दुर्गेश ने कहा कि समाधान शिविर ने मेरी सबसे बड़ी परेशानी खत्म कर दी। शिविर में कई ग्रामीणों को ऐसी ही राहत मिली।

### खण्डस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 13 को

दुर्ग। खण्डस्तरीय बैंकर्स समिति बीएलबीसी की बैठक 13 मई को शाम 4 बजे जनपद पंचायत सभागार दुर्ग में आयोजित की गई है। पूर्व में बीएलबीसी की बैठक 14 मई को आयोजित किया गया था जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए 13 मई को आयोजित किया गया है। विभिन्न विकासखंडो में मार्च 2025 तिमाही की विकासखंड के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की समयानुसार शाखावार योजनाओं पर समीक्षा के लिए संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# स्पैरो कंपनी के घोटाले की पुलिस ने शुरू की जांच, लिए जा रहे बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा स्पैरों कंपनी के दस कर्मचारियों पर एफआईआर किए जाने के लिए लिखे गए पत्र के बाद टीआई ने जांच शुरू कर दिया है। बहरहाल सभी कर्मचारियों से पुलिस द्वारा बयान ले रही है। खबर है कि, मामले में कंपनी के बडे कर्मचारियों से भी पूछताछ हो सकती है। क्योंकि टैक्स की राशि जमा नही होने के मामले में बडे कर्मचारियों की भी जिम्मेदारी थी।

पदनाभपुर थाने के टीआई केशव कोसले ने बताया कि निगम से पत्र मिला है, जिसके बाद सभी कर्मचारियों से बयान लिया जा रहा है।

## कंपनी के कई बड़े कर्मचारी पर भी कसा जा सकता है शिकंजा

### स्पैरो कंपनी ने पैसों के गबन के अलावा संपत्तिकर भी छुपाए

स्पैरों कंपनी ने कर वसूली की राशि को नगरनिगम में जमा नही किया था। इसके आलावा कंपनी ने संपत्तिकर में भी बडा घोटाला किया है। नगरनिगम के राजस्व निरिक्षक जब वसूली में जा रहे है तब उन्हें जानकारी हो रही है कि, कंपनी द्वारा संपत्तिकर की जानकारी दस्तावेज में सही उल्लेख नही किए है। इस तरह कंपनी के कर्मचारियों पर दो बडे सवाल उठ रहे है। बहरहाल थाने से मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




### बयान ले रहे

नगरनिगम द्वारा स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों पर एफआईआर करने पत्र लिखा है। सभी कर्मचारियों से बयान लिया जा रहा है। बयान के बाद आगे कार्यवाही होगी। -केशव कोशले, टीआई पदनाभपुर

### जो नाम दिए, कई नौकरी छोड़ चुके

नगरनिगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा दस कर्मचारियों के खिलाफ गडबडी किए जाने पर एफआईआर किए जाने पत्र लिखा है। पुलिस की माने तो शुरूआती जांच में पता चला है कि, जो नाम निगम ने दिए है। उसमें कई लोग गडबडी के दौरान नौकरी छोड चुके है। उन्होने इसकी लिखित आपत्ति आयुक्त के सामने दर्ज भी कराई है। ऐसे में सवाल उठ रहा हैं कि, कई सोची समझी साजिश के तहत नाम तो आगे नही बढाए गए है। क्योकि निगम के कर राशि में गडबडी में न सिर्फ कर्मचारी बल्कि स्पैरों कंपनी के बडे जिम्मेदार से भी पुलिस बयान ले सकती है।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2016-17 से स्पैरों कपंनी को टैक्स वसूली की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसका अनुबंध वर्ष 2023-24 को मार्च माह में समाप्त हो गया था। अनुबंध सामाप्त होने के बाद वर्ष 2024-25 से नगरनिगम के राजस्व अधिकारियों द्वारा टैक्स वसूली शुरू की गई।

निगम अमला जब वार्डो में टैक्स वसूलने पहुंचे तब पता चला कि, स्पैरों कंपनी द्वारा कई करदाताओं से टैक्स लेकर रिकार्ड में इसे दर्ज नही किया है। करदाताओं से टैक्स वसूली और संपत्तियों के निर्धारण में खामियों की जांच की गई तो करीब साठ लाख रूपए की गडबडी सामने आई थी।

## अनदेखी : सड़क की उंचाई तक लाने डाल रहे मिट्टी का बेस, कमजोर होगी इमारत

# करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट में मुरूम की जगह काली मिट्टी की फिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाउसिंग बोर्ड द्वारा शहर के महेश नगर कालोनी के पीछे वृहद प्रोजेक्ट लांच किया गया है। जिसमें तीन सौ से अधिक मकान बनाए जा रहे है। लेकिन करीब सत्तर करोड रूपए वाले इस प्रोजेक्ट में ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। यहां बनाए जा रहे मकानों में कालम के साथ मिट्टी का बेस दिया जा रहा है। जबकि बेस में मजबूती के लिए मुरूम डालने का प्रावधान है। हाउसिंग बोर्ड के निगरानी के बगैर यहां निर्माण कार्य शुरू भी हो गया हैं।

हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुलगांव नाले के पास महेश नगर कालोनी में अठारह एकड जमीन पर प्रोजेक्ट लांच किया गया है। अफसरों ने बताया कि, इसका टेंडर दुर्ग के गोयल ट्रैडर्स को दिया गया है। यहां बोर्ड द्वारा डुप्लेक्स के करीब तीन सौ मकान बनाए जाएंगे। मौके पर देखा गया कि, मकान के लिए बनाए जा रहे कालम के बीच मिट्टियां डाली जा रही है। जबकि यहां पर काली मिट्टी मौजूद है। एक्सपर्ट की माने तो काली मिट्टी इमारत के लिए उपयुक्त नही होता है। इसके बाद भी वहां मुरूम के जगह काली मिट्टियों का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। हरिभूमि ने मौके की जानकारी भी ली। अफसरों का कहना हैं कि, एरिया डूबान क्षेत्र में शामिल है। ऐसे में जमीन के तल से करीब तीन फीट मिट्टी डालने की बात कही जा रही है। अफसरों की माने तो तीन फीट के उंचाई के बाद वहां मुरूम डाला जाएगा।

**खास बातें**

- पुलगांव नाला महेश कालोनी के पीछे चल रहा काम
- कलेक्टर द्वारा बोर्ड को एलाट की गई 18 एकड जमीन
- शहर की बडी कालोनी का रूप लेगा बोर्ड का

**हाउसिंग बोर्ड बना रहा महेश कालोनी के पीछे 300 से अधिक मकान**



### कॉलम के बाद प्लिंथ लेवल में मिट्टी

एक्सपर्ट की राय माने तो पहले लेबल करना चाहिए। लेकिन अगर कालम के साथ ही प्लिंथ निकालने के बाद मिट्टी डाली जा रही तो गलत है। मौके पर देख गया कि प्लिंथ लेबल में काली मिट्टी डाली जा रही हैं। हाउसिंग बोर्ड के अफसरों ने बताया कि, जहां प्रोजेक्ट लांच किया गया हैं, ये पूरा एरिया डूबान में है। यह जगह गड्डे में होने के कारण उंचाई देने के लिए मिट्टी डाला जा रहा है। इस मामले में एक्सपर्ट इंजीनियरों की माने तो अगर जमीन सडक से नीचे है तो पहले उसे सडक की उंचाई से बराबर करना चाहिए। लेकिन ठेकेदार द्वारा कालम डालने के बाद बीच में मिट्टियां डाल रहे है। जिससे इमारत आगे चलकर कमजोर साबित हो सकती हैं।

### बगैर मानिटरिंग चल रहा करोड़ों का काम

मौके पर करोडों रूपए के इस प्रोजेक्ट की हाउसिंग बोर्ड के अफसर निगरानी भी नही कर रहे है। मौके पर देखा गया कि, लेबरों के भरोसे करोडों का प्रोजेक्ट चल रहा हैं। मौके पर मिट्टी के बजाय कही पर भी मुरूम का उपयोग नही किया जा रहा हैं। इसकी पूरी जानकारी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को भी दे दी गई है। बहरहाल यह हाउसिंग बोर्ड का बडा प्रोजेक्ट है, शहर के अंदर बोर्ड द्वारा तीन सौ से अधिक मकान बनाए जा रहे है। जिसे लेकर लोगों में इतनी उत्सुकता है कि, पूरे मकानों की बुकिंग हो गई हैं। हाउसिंग बोर्ड के ईई रमेश कुमार गोडबोले का कहना है कि, इसकी जानकारी एसडीओ दे पाएंगे।

**लेबलिंग करेंगे**

प्रोजेक्ट वाला एरिया डूबान में है। इसलिए यहां लेबलिंग करने करीब तीन फीट मिट्टी डाल रहे है। इसके बाद मुरूम डालने कहा जाएगा। -परिवेश साहू, एसडीओ हाउसिंग बोर्ड दुर्ग

# मजदूरी दिवस में कटौती आंदोलन करेंगे कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा जिले में मनरेगा के तहत संचालित योजना में मानव दिवस में कटौती कर दी है। जिससे नाराज कांग्रेसियों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होने अल्टीमेटम देकर कहा है कि, अगर आमामी 16 मई तक मानव दिवस यानि मनरेगा में मजदूरी दिन नही बढाया गया तो वे बडा आंदोलन करेगें। इस दौरान बडी संख्या में कांग्रेस नेता कलेक्टोरेट पहुंचे थे।

- मनरेगा में मानव दिवस बढ़ाने राज्यपाल और

जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिले से आए कांग्रेस जनों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मनरेगा में मजदूरी के मानव दिवस बढ़ाने की मांग की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था और वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में इसे और घटकर 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है, जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है। जो ग्रामीण मजदूरों के आजीविका को प्रभावित करता है। जबकि जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। आज ज्ञापन देने वालों में पूर्व धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जामवंत गजपाल, हीरा वर्मा, जिला पंचायत सदस्य उषा सोनवानी,

### रोजगार में कटौती से बेरोजगार होंगे ग्रामीण

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, अन्य वर्षो की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे। मनरेगा में कार्य कर मजदूरी से ग्रामीण खेती किसानी और अन्य कार्य करते थे। उनके आगे रोजगार का संकट हो रहा है। बेरोजगारी के चलते मजदूरों को घर परिवार छोड़कर अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है । इस लिए मांग की जाती है 14 मई तक मनरेगा के मानवदिवस को 42 लाख किया जाए । अगर नहीं किया जाता तो जिले के ग्रामीण और किसान, मजदूर अपनी मजदूरी की सामग्री झौआ, टोकना, घमेला लेकर जिला कलेक्ट्रेट में 16 मई को बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

## प्रधान न्यायाधीश कुजूर ने किया पदभार ग्रहण



दुर्ग। जिला न्यायालय के नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने 9 मई को जिला न्यायालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिए है। उनके पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल उनसे सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया, वहीं अधिवक्ताओं ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार जोशी, महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू, सचिव रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सह सचिव राकेश कुमार यादव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव रविशंकर मानिकपुरी, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव, सदस्य नितेश कुमार साहू, पंडित अजय मिश्रा, अजय शर्मा, विक्रम पारख, रविश राजपूत, दमयंती चंद्राकर, विनोद देवांगन सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी दानिश परवेज ने दी है।

## लोक अदालत आज, 15 हजार से अधिक मामले की सुनवाई

दुर्ग। वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, जनोपयोगी सेवा तथा किशोर न्याय बोर्ड व तहसील व्यवहार न्यायालय पाटन, भिलाई-3 व धमधा में 10 मई को आयोजित की गई है। नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, सिविल मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलें, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवा से संबंधित प्रकरण व राजस्व से संबंधित लगभग 15637 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था विद्युत, दूरसंचार एवं नगर निगम के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिगेशन प्रकरण के कुल 88969 से अधिक मामलें सुनवाई हेतु रखे है।

## नियमितीकरण के डेढ़ हजार प्रकरण पेंडिंग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल और नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले सहित कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भवनों के नियमितिकरण शुरू किए गए प्रकरण को शुरू किए जाने की मांग की है। पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि, पिछले एक साल से अधिक समय से करीब उेढ हजार नियमितकरण के प्रकरण पेडिंग है। जिसका निराकरण नही होने से आम लोग परेशान है। इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल, भोला महोबिया, दीपक साहू सहित अन्य उपस्थित थे। कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद सभी एसपी विजय अग्रवाल से भी मुलाकात करने पहुंचे थे।

- कलेक्टर को प्रकरणों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# सभी नाला-नालियों की समय पूर्व सफाई करने महापौर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर निगम के सभी 60 वार्डों में 1 से 8 जून तक महापौर द्वारा महा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को महापौर अलका बाघमार ने स्टेशन रोड सन्तरा बाड़ी वार्ड. 26 और पोलसाय पारा वार्ड 27 की विभिन्न गलियों का निरीक्षण कर रहवासियों की समस्याएं सुनी। महापौर ने नाली सफाई को लेकर दोनो वार्डों के पार्षद सहित रहवासियों से जानकारी ली एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पोलसाय पारा तालाब के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। सड़क किनारे अवगमान में बाधित बांस-बल्ली को हटवाने कहा। महापौर ने सड़क किनारे बिल्डिंग वेस्ट मटेरियल रखने वालों से जुर्माना लेने के निर्देश दिए। नाली के ऊपर जितने भी कब्जे है सभी पर जेसीबी चलाने, संतरा बाड़ी में पाइप लाइन लीकेज को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने बारिश के पहले शहर के सभी वार्डों में जाम नालियों, जल भराव की समस्या से सम्बंधित स्थलों में निरन्तर सफाई गन्दे पानी की निकासी का सुगम प्रबंधन प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने अधिकारियों को निर्देश दिये। बारिश में वार्डों के भीतर जलभराव रोकने के लिए संतरा बाड़ी नाला सहित सभी नालों-नालियों की सफाई लगातार मिनी चैन माउंटेन मशीन व गैंग लगवाकर कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश पूर्व शहर के नालों शंकर नाला, पुलगांव नाला, संतरा बाड़ी, पोटिया कला, कसारीडीह के अलावा अन्य ऐसे नाले जिसमें जल भराव से जन जीवन प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है।

- वार्ड 26 व 27 में गलियों का महापौर ने किया निरीक्षण

## ग्राम गोढ़ी में शिविर, जिले के प्रभारी सचिव के निरीक्षण में खुली पोल

# प्रभारी सचिव ने दी शिविर में दबिश, गायब रहे क्रेडा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में आज जिले के प्रभारी सचिव सुब्रत साहू ने जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत गोढ़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अफसर गायब मिले, जिस पर उन्होंने शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉलों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया और विभागवार प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

- प्रभारी सचिव ने योजनाओं की ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान श्री साहू ने कहा जिन प्रकरणों में निराकरण से आवेदक संतुष्ट नहीं हैं, उनकी पुनः गंभीरता से जांच कर संतोषजनक समाधान किया जाए। शिविर के दौरान क्रेडा विभाग का सहायक अभियंता अनुपस्थित पाए जाने पर श्री साहू ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान हो रहा है। उन्होंने बताया कि, सरकार का लक्ष्य हर गरीब को पक्का मकान, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सहायता और किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करना है। विधायक ने बताया कि ग्राम गोड़ी में अपेक्षाकृत कम समस्याएं व मांगे सामने आई हैं, जो प्रशासनिक सक्रियता का प्रमाण है।



### ढाई हजार से अधिक आवेदन मिले

जलिे के ग्राम पंचायत गोढ़ी में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न पंचायतों अछोटी, अहेरी, अकोला, बगडूमर, बीरभाट, बोरसी, ढौर, गोंढ़ी कपसदा, लहंगा, मालपूरीकला, मालपूरीखुर्द, ओटेबांध से कुल 2871 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2803 समस्याओं का निराकरण कर दिया गया, जबकि 68 आवेदन लंबित हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं को अन्नप्राशन कीट वितरित किए गए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग द्वारा दो हितग्राहियों को नकद ऋण प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, 3 हितग्राही को नक्शा बटांकन और 5 हितग्राही को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए व अन्य विभागों के आवेदनों का भी निराकरण किया गया।

### बजट की स्वीकृति पर होंगे प्रकरण निराकरण

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि, मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू किए गए इस अभियान से अब लोग बिना कार्यालयों के चक्कर लगाए, घर बैठे अपनी शिकायतें और मांगें दर्ज करा पा रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम चरण में 8 से 11 मई तक जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के माध्यम से आम जनता से आवेदन लिए गए। द्वितीय चरण में इन आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड कर विभागीय निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की गई है। जिन मामलों में संसाधन और बजट उपलब्ध था, वहां तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की गई है, जबकि अन्य मामलों में बजट स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला प्रशासन जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगा। जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत 6 मई से 15 जून तक की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने "एकैच गोठ, एकैच बानी, बूंद-बूंद बचाओ पानी" थीम के साथ जनता को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

# छत्तीसगढ़ जनकल्याण संस्था ने खोला प्याऊ घर



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग जनकल्याण संस्थान द्वारा गर्मी को देखते हुए पांच बिल्डिंग आरटीओ आफिस के सामने स्व श्याम पांडेय एवं ऋचा कौशिक की स्मृति में शीतल जल प्याउ घर खोला गया है। प्याउ घर के शुरूआत पर पहले दिन राहगीरों को हलवा का भोग वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, जीवनदीप समिति के अध्यक्ष अनुरूप साधु, संस्थान के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, जिला संयोजक दिलीप पटेल, महेन्द्र यादव, पार्षद गुड्डु यादव, लोकेश्वरी ठाकुर, वेद नारायण यदु, संतोष निर्मलकर, बंटी दिल्लीवार, निलेश ध्रुव, संतोष निर्मलकर, पिंटु दिल्लीवार, आरके तिवारी, तिरथ साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# ईपीएस 95: आईडेंटिफिकेशन सर्टिफिकेट में पांच साल की अनिवार्यता समाप्त

## एएलसी कार्यालय में एचएमएस के परिवाद पर बीएसपी प्रबंधन ने दी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी प्रबंधन और एचएमएस यूनियन के बीच ईपीएएस -95 के मामले मेंआइडेंटिफिकेशन सर्टिफिकेट में 5 वर्ष की बाध्यता को समाप्त करने और वर्तमान कर्मचारियों को हर 3 वर्ष में आधार वेरिफिकेशन कराने पर सहमति हुई। सहायक श्रमायुक्त कार्यालय रायपुर में एचएमएस के परिवा द पर सहमति बनने पर यूनियन ने प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि कर्मचारी हित में लिया गया एक अच्छा निर्णय है।

उल्लेखनीय है कि ईपीएस 95 पेंशन लेने को लेकर सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी अथवा उनकी की पत्नी को आईडेंटिफिकेशन सर्टिफिकेट में ऐसे कर्मचारी से प्रमाणित करना होता था, जिसकी सेवा अवधि 5 वर्ष से ज्यादा बची हो । वर्तमान में ऐसे कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। बीएससी में 1998 से लेकर सन 2012 तक संयंत्र में भर्ती प्रक्रिया बहुत कम थी। इस कारण पुराने और नए कर्मचारीयों के बीच आयु का अंतर बहुत ज्यादा हो गया है। इसे चलते पुराने एवं नए कर्मचारियों के बीच में पारिवारिक परिचय शून्य हो गया। एचएमएस के महासचिव पीके मिश्रा ने बताया कि सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी को भी शुभकामना में ऐसे कर्मचारियों का विवरण देना होता है जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से ज्यादा बची हो लेकिन सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी भी इसका विवरण देने में असमर्थ हैं । क्योंकि उनके साथी कर्मचारी भी 5 वर्ष के पूर्व सेवानिवृत हो रहे हैं।



### विधवा पेंशन में भी समस्या

सेवानिवृत्ति के बाद यदि कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो पत्नी को विधवा पेंशन लेने के लिए आइडेंटिफिकेशन सर्टिफिकेट ऐसे कर्मचारियों से लेना पड़ता है, जिसकी की सेवा अवधि 5 वर्ष से ज्यादा बची हो जो संभव नहीं होता है। कई मामले सामने आ रहे हैं जिसमें सिर्फ आइडेंटिफिकेशन सर्टिफिकेट के कारण विधवा ने ई पी एस 95 का पेंशन नहीं लिया। इसी संबंध में एचएमएस यूनियन के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र द्वार परिवाद सहायक समायुक्त केंद्रीय रायपुर के समक्ष फरवरी 2024 में प्रस्तुत किया गया था। प्रबंधन के साथ सहायक श्रमायुक्त केंद्रीय रायपुर की मध्यस्थता में पांच बैठकें हुई । स्थानीय स्तर पर भी यूनियन व प्रबंधन के बीच कई दौर की चर्चा हुई। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष हरीराम यादव, महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र और प्रबंधन की ओर से राहुल थोटे उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक पलटा, चालक की मौत, हेल्पर घायल

**भिलाई।** शुक्रवार की सुबह दुर्ग बायपास में बड़ा ट्रक हादसा हुआ। घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हेल्पर को मामूली चोट आई है। मिली जानकारी के मुताबिक बाफना टोल प्लाजा के आगे रसमड़ा में वेस्ट बंगाल के कोलकाता से नासिक के लिए एक ही ट्रांसपोट से दो ट्रक निकली थी। दोनों ट्रकों में लोहे के प्लेट भरे हुए थे। भिलाई पहुंचने के बाद बायपास के आगे दूसरे ट्रक ड्राइवर ने ट्रक डब्ल्यूबी 23 एफ 8495 के चालक को चाय पीने के लिए रुकने कहा। इस दौरान चालक ने कहा कि आगे ढाबे पर रुकने की बात कही थी। इसके बाद ट्रक कुछ दूरी पर पहुंची और चालक को अचानक झपकी आ गई। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तीन से चार बार पलटते हुए गिर गई। हादसे में चालक समस्तीपुर बिहार निवासी एमजे मुन्ना ट्रक में दबने से मौत हो गई। वहीं हेल्पर एमडी मासूम अंसारी का हाथ फैक्चर हो गया है। पुलिस ने शव को दुर्ग जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवा दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों व ट्रक के मालिक को भी दी गई है। घटना की खबर लगते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और पेट्रोलिंग वाहन पर घायल को उपचार के लिए भेज दिया।

### चिटफंड के नाम पर ठगी डॉयरेक्टर पकड़ाया

**भिलाई।** चिटफंड कंपनी के नाम पर ठगी करने वाले डॉयरेक्टर को पुलिस ने उड़िसा से गिरफ्तार कर लाया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 420, 409 भा.द.वि. 3,4,5 चिटफण्ड के तहत जुर्म दर्ज



किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम जेवरा सिरसा निवासी रूखमणी बाई माइको फाइनेन्स लिमिटेड के डायरेक्टरों द्वारा अधिक ब्याज देने का लालच देकर रकम डबल करने का झांसा देकर वर्ष 2008 से पति से 9 लाख 70 हजार रुपए अन्य निवेशक से 50 हजार रुपए जमा कराया गया। इस तरह निवेशकों से 10 लाख 20 हजार जमा कराया गया। समय पूरा होने के बाद भी कंपनी ने पीड़ित का रकम नहीं लौटाया। परेशान पीड़िता ने शिकायत पुलिस से किया। पुलिस ने माइको फाईनेंस पब्लिक लिमिटेंड का डॉयरेक्टर दुर्गा प्रसाद मिश्रा, बैकुंठनाथ पटनायक, सुरथादास, अशोक कुमार पटनायक, बिजोय कुमार राउत्रे के खिलाफ विवेचना में लिया। आरोपीगण अपराध दर्ज के बाद से फरार थे। फरार की तलाश जारी है। पुलिस ने प्लाट नं. 720/724 यूनिट 09 भोई नगर लक्ष्मीनारायण बस्ती थाना शहीदनगर जिला खोरधा उड़िसा निवासी सुस्थादास 45 वर्ष को उड़िसा से पकड़ा गया है।

### एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू ने जनरल परेड की ली सलामी



**भिलाई।** एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू पद्मश्री तंवर ने शुक्रवार को रक्षित आरक्षी केन्द्र दुर्ग में जनरल परेड की सलामी ली। परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों के वेशभूषा का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। शासकीय वाहनों का निरीक्षण भी किया। परेड में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, डीएसपी हेमप्रकाश नायक, सीएसपी हरीश पाटिल, एसडीओपी अनूप लकड़ा आदि मौजूद थे।

## पीडीएस में कालाबाजारी का खेल, फिर भी चल रहा काम

# डेढ़ साल से नहीं हुआ राशन दुकानों में सप्लाई करने वाली एजेंसी का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में नागरिक आपूर्ति निगम में डेढ़ साल से राशन दुकानों में अनाज की सप्लाई करने वाली ठेका एजेंसी का चयन नहीं हुआ है। वैकल्पिक इंतजाम के भरोसा पुरानी एजेंसी से ही काम लिया जा रहा है, इसके चलते पीडीएस में कालाबाजारी का खेल शुरू हो गया है। पुरानी ठेका एजेंसी की सेटिंग के चलते पुराने ढर्रे में काम चल रहा है। जिले मे 396 राशन दुकान संचालित हैं। इन दुकानों में पीडीएस चावल की कालाबाजारी हो रही है। सूत्रों की मानें तो सरकार को हर दिन करीब 30 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बता दें कि कोचिया और राइस मिलर्स की सांठगांठ से यह पूरा खेल चल रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम ने डिमांड ऑर्डर कटने के साथ चावल कटिंग का यह खेल चल रहा है।इधर राशन दुकानों से गरीबों को चावल नहीं मिल पा रहा है, हर महीने आवंटन जरूर हो रहा है। गरीबों के पीडीएस का चावल दुर्ग, पाटन और करंजा भिलाई में वाहनों में लोड होकर राइस मिलों में पहुंच रहा है। इन राइस मिलों से नागरिक आपूर्ति निगम तक पहुंच रहा है, जहां से डिमांड ऑर्डर के हिसाब से पुनः राशन दुकानों में भेज दिया जा रहा है। इस काम में हरदीप, मनीष और अनिल नामक तीन व्यक्ति सक्रिय बताए गए हैं। इनकी जिले के 100 से राशनदुकान में सांठगांठ बताई गई है।

### मिलर्स और कोचिए मिलकर खपा रहे चावल



### दो मिलर्स रहते हैं हमेशा चर्चा में, जांच का भी डर नहीं

जानकारी के मुताबिक जिले में दो राइस मिलर्स बेखौफ होकर पीडीएस का चावल खरीदी-बिक्री में लगातार संलिप्त है। इन मिलर्स के खिलाफ जांच भी हुई। यहां तक पुलिस ने जब पीडीएस का चावल पकड़ा, इन मिलर्स का नाम भी सामने आया, लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक किशोर शॉर्टेज और श्रद्धा मिल को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में ईडी की टीम ने किशोर शॉर्टेज में दबिश भी दी थी। इसके अलावा श्रद्धा राइस में खाद्य विभाग ने कई बार जांच कर चुकी है।

### ब्रोकन के कारण राशन दुकानों से हो रही चावल की खरीदी

जानकारी के मुताबिक मिलर्स को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप प्रति क्विंटल धान में करीब 70 किलो चावल जमा करना होता है, लेकिन मिल में एक क्विंटल के एवज में इतना प्रोडक्शन ही नहीं हो पाता। इसके कारण औसतन 63 किलो तक चावल निकलता है, बाकी ब्रोकन में कटिंग हो जाता है। इस प्रकार इस बीच के डिफरेंस को एडजेस्ट करने के लिए मिलर्स कोचियों से सेटिंग कर राशन दुकान से ही पीडीएस का चावल खरीदते हैं। उसे फिर से रिसाइकिल कर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा करा देते हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है, अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### एजेंसी तय करना नान का काम, शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

"ठेका एजेंसी तय करने का काम नागरिक आपूर्ति निगम का है। जब तक ठेका नहीं होता है, पुराने से काम लिया जाता है। डीओ में कटिंग करने वालों की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की टीम राशन दुकानों की चेकिंग समय-समय करती है। सैंपल भी लिए जाते हैं, कार्रवाई भी होती है।

**टीएस अतरी**
प्रभारी खाद्य नियंत्रक दुर्ग

## ट्रक पलटा, वीआईपी मूवमेंट के कारण 10 मिनट में रोड क्लीयर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एनएचएआई पर रायपुर से दुर्ग की और जा रहा ट्रक सीजी 04 एचजेड 2204 शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अनियंत्रित होकर पोल से टकराया और पलट गया।

■ ट्रैफिक पुलिस ने तत्काल व्यवस्था की दुरुस्त

हादसे के बाद सड़क में लंबा जाम लग गया। इस बीच वीआईपी मुवमेंट की खबर आई। गृहमंत्री अरुण साव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का गुजरना हुआ। इसकी जानकारी के बाद ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हो गया। महज 10 मिनट में क्रेन की मदद से ट्रक को हटा दिया गया। रास्ते में आवाजाही को सामान्य कर लिया गया। बताया जाता है कि स्टेरिंग फेल होने से हादसा हुआ। मौके पर ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा और छावनी प्रभारी मोनिका पाण्डेय पहुंची। ट्रैफिक पुलिस को सूचना मिलने पर वाहनों को डायवर्ट किया गया। वाहन को मुख्य मार्ग से हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था कर स्थिति को सामान्य किया गया।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सम्मान



**भिलाई।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दया सिंह ने विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को तलवार भेंटकर सम्मानित किया। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर क्षत्रिय समाज की गौरवगाथा को स्मरण करते हुए महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का स्मरण कर डॉ. रमन सिंह को प्रतीकस्वरूप एक शौर्य तलवार भेंट की गई। डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी वीणा सिंह का भी सम्मान किया गया। दया सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष के लिए प्रेरणा हैं। ऐसे अवसरों पर समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। डॉ. रमन सिंह ने भी महाराणा प्रताप की वीरता को नमन करते हुए युवा पीढ़ी से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, जालंधर सिंह, अरविंद सिंह, अजीत सिंह, शैलेन सिंह, संजय सिंह राठौर, माधव सिंह, सुनील सिंह, अतीन्द्र सिंह, राजेश सिंह,अरविंद सिंह, अरुण सिंह, मंगल सिंह, अभिषेक सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

■ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने शौर्य का प्रतीक तलवार भेंट की

## रिटेंशन योजना में जमानतदार की अनिवार्यता खत्म नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे कर्मी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आवासी रिटेंशन योजना में अब तक जमानतदार की अनिवार्य समाप्त नहीं किए जाने का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। लायसेंसी आवास के लिए रिटायर होने के पूर्व दूसरा जमानतदार नहीं देने पर कर्मचारी के अंतिम भुगतान में से राशि काट ली जा रही है। सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से यह अनिवार्यता जल्द खत्म किए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि नगर सेवाएं विभाग अपने संयंत्र के कर्मियों को सेवानिवृत्त के बाद जो आवास लाइसेंस अथवा रिटेंशन योजना के अंतर्गत देता है, उसमें सुरक्षा निधि (पांच से दस लाख रुपए) जमा करवाने के साथ ऐसे कर्मी से जमानतदार के रूप में विवरण भरवाया जाता है, जिनकी 5 साल की सेवा बची हो। जमानत देने वाला कर्मी अपने सेवानिवृत्त होने से पूर्व जमानत की जिम्मेदारी दूसरे कर्मी को हस्तांतरित करना होता है । ऐसा नहीं करने पर जमानतदार का अंतिम भुगतान रोक दिया जाता है। सीटू ने नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र सौंप कर कहा कि लाइसेंस अथवा रिटेंशन में आवंटित किए जाने वाले आवास के लिए जब जमानत के रूप में लाखों रुपए सुरक्षा निधि जमा करवाया जाता है ऐसे में वह रकम ही जमानत का काम करेगा। इसीलिए अलग से जमानतदार की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। सीटू नेता ने कहा कि संयंत्र के कर्मियों एवं अधिकारियों के लिए बहुत से समिति कार्य कर रहे हैं इन सोसाइटियों से लोन लेने के लिए पहले जमानतदार की आवश्यकता होती थी, ताकि लोन लेने वाले कर्मी द्वारा जमा किए जाने वाले किस्तों में गड़बड़ी करने अथवा लोन न चुकाने की स्थिति में जमानतदार से लोन की वसूली किया जा सके। अब समिति से यह अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है । अब समिति से लोन लेने के लिए कर्मी को जमानतदार की आवश्यकता नहीं है।

■ सीटू ने की बीएसपी प्रबंधन से मांग

### कब्जा रोकने उठाएं कदम

सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि सीटू ने प्रबंधन के सामने कई बार इन बातों को रखा है कि संयंत्र में लगातार कर्मियों की संख्या घटती जा रही है टाउनशिप में निर्मित आवास की संख्या कर्मियों की संख्या से कई गुना ज्यादा है । ऐसे में संयंत्र के अंदर से कर्मी जिस तेजी से रिटायर हो रहे हैं । इसी तेजी से टाउनशिप के अंदर के आवास भी खाली होते जा रहे हैं एवं अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं । इन्हें रोकने के लिए अलग-अलग यूनियनों ने अलग-अलग मंचों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए हैं। अब प्रबंधन को चाहिए कि वह उचित कदम उठाए जिससे अवैध कब्जों पर अंकुश लगाया जा सके।

## 1971 का भारत-पाक युद्ध: बीएसपी व लोगों की रक्षा के लिए रोज होता था ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए 27 लोगों के नरसंहार के बाद भारत पाकिस्तान के बीच छिड़े भीषण युद्ध ने 1971 के भयंकर युद्ध की यादें तरोताजा कर दी हैं। नई नई बसी स्टील सिटी के नए नवेले भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ हजारों मेहनतकशों की रक्षा के लिए अभी की तरह सरकार और प्रशासन द्वारा कई जतन किए गए थे। उस समय के दहशतजदा माहौल और रात में घंटों अंधेरे में डूबे शहर को याद कर लोग आज भी सिहर उठते हैं।





आज से 55 साल पहले आज की तरह हाईटेक सुविधाएं और संसाधन नहीं थे। ऐसे विकट दौर में औद्योगिक शहरों को दुश्मन देश की बमबारी से बचाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन हमारी सेना के शौर्य और शहरवासियों की जागरुकता व देशभक्ति से न सिर्फ सरकार ने नापाक पाक के दो टुकड़े कर बांग्ला देश की नेमत दी बल्कि हमारा भिलाई भी महफूज रहा। लेकिन युद्धकाल के दौरान भय और चिंता के उन सहमे दिनों को याद कर लोगों को लग रहा है जैसे इतिहास अपने को दोहरा रहा है। 1971 के छिड़े युद्ध के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र व नए शहर के रुप में टाउनशिप को बसे मात्र दस साल भी नही हुए थे। उनसठ में शुरु हुए 1 मिलिटन टन उत्पादन क्षमता वाले बीएसपी के साथ कई सेक्टरों का निर्माण जारी था। प्लांट होने के कारण दुश्मन देश के बम बार्ड का सबसे ज्यादा खतरा रात में हो था। शाम होते ही रोज सायरने बजजे ही ब्लैक आउट यानी बिजली बंद होते ही लोग अपने क्वार्टरों में दुबक जाते थे। सायरन की आवाज को आम बीएसपी कर्मचारी व परिजन पगली सीटी बोलते थे। एक दो सेक्टर में तो लाइट नहीं थी लोग अपने लालटेनें व चिमनियों को खिड़कियों के परदों में छिपा लेते थे। सेक्टर 7 के रिटायर बीएसपी कर्मी ( प्लेट मिल) दिनेश पांडेय बताते हैं कि 71 के युद्ध के दौरान भिलाई में दहशत के साथ अपूर्व देशभक्ति का भी माहौल था। सरकार के लिए प्लांट व टाउनशिप के लोगों की बमबारी से रक्षा के लिए रोज क्वार्टरों व प्लांट की लाइट गुल कर दी जाती थी। खाना शाम के पूर्व ही पका लिया जाता था। तब हम हिंगना बोरिया सेक्टर में रहते थे, जहां लाइट नहीं लालटेन जलती थी। यह क्षेत्र आज प्लांट के अंदर आ गया है। पैदल व सायकल पर ड्यूटी आते जाते 67 हजार बीएसपी कर्मियों में रोज अभी की तरह युद्ध की ही चर्चा होती थी। रात को पाकिस्तान के बम गिराने का भय महिलाओं व बच्चों में ज्यादा था। वे बताते हैं कि हमारी बहादुर सेना ने जिस तरह पाक को धूल चटाई थी उसी तरह अभी भी शौर्य से सबक सिखाया जा रहा है। बीएसपी के शिक्षा विभाग से रिटायर एएस अधिकारी बताते हैं कि पाकिस्तान को हमारे फौज द्वारा परास्त कर बांग्लादेश बनाने के लिए अटलजी ने पीएम इंदिरा को दुर्गा कहा था। अभी भी हमारी सेना व मोदीजी बहादुरी से इतिहास दोहरा सकते हैं।

■ पगली सीटी व लालटेन युग, दहशत के साथ देशभक्ति का था माहौल

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## ननि भिलाई द्वारा अवैध कब्जों को रोजाना हटाया जा रहा

# शिकायतों के बाद 300 से ज्यादा लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुशासन तिहार के शिविरों में मिले शिकायत व मांग की कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा शिकायतों के निराकरण कि दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहा है। राजस्व अमला नाली, नाला, निगम व शासकीय भूमि के अवैध कब्जे, स्वास्थ अमला स्वच्छता, साफ-सफाई सहित अन्य आवेदना का निराकरण किया जा रहा है। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर खुर्सीपार में सीवरेज लाइन के प्रभावितों को निगम अधिकारियों के द्वारा नोटिस वितरण किया जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा सीवरेज लाइन निर्माण हेतु स्वेच्छा पूर्वक सहयोग किया जा रहा है, इस पर आयुक्त द्वारा प्रशंसा की गई। वही केनाल रोड के निर्माण का सर्वेक्षण कार्य जोन दो एवं तीन की टीम लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के



आरआई पटवारी के साथ प्रभावित भवन का नपाई तथा सूची बद्ध करने कार्य प्रारंभ हो चुका है।

सुशासन तिहार अन्तर्गत जोन दो के वार्ड 29 वृंदानगर एवं शांति नगर वार्ड 15 में सडक 6 बी 6 सी के बीच मकानों के पीछे से गुजर रही नाली पर अवैध कब्जा कर जगह जगह गेट लगा कर बंद किया गया था। जिससे कर्मियों को सफाई मे परेशानी हो रही थी। आयुक्त पाण्डेय अपने प्रातः भ्रमण के दौरान उक्त शिकायत का स्थल अवलोकन कर जोन आयुक्त येशा लहरे एवं सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को समय सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कर निराकृत करने को कहा था। गुरूवार को जोन का राजस्व विभाग रवि भावते के मकान के मुख्य गेट का पिल्लर जो नाली में खडा किया था उसे जेसीबी से गेट सहित उखाड़ कर नाली में लम्बी दूरी तक लगे पांच गेट को भी तोड़ा गया। इसी प्रकार वृंदावन नगर में नाले के किनारे शासकीय भूमि पर तार, बांस-बल्ली, लोहा गेट लगा कर किये गये अवैध कब्जे को बेदखल किया गया।

कार्यालय स्थानांतरण सूचना

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रही है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST )

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



सफेद का सुकून

सिटी इवेंट

## मेरिट में आई मेधावी छात्रा रिहा का देवांगन समाज ने किया सम्मान



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने दसवीं बोर्ड में मेरिट लिस्ट में 7 वां स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी बालिका रिहा देवांगन को सम्मानित किया। समाज के प्रतिनिधि श्यामनगर रिसाली रिहा के घर पहुंचे। जहां श्रीफल एवं मिठाई भेंटकर से सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन के साथ उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, टेसू राम देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन , मंदिर प्रभारी राजू देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। रिहा देवांगन ने 98.17% अंक प्राप्त किए हैं। वह सेजस रिसाली की छात्रा है। उसके पिता उत्तम देवांगन ई रिक्शा चलाते हैं और मां अनिता गृहणी है। वह मैथ्स लेकर आईटी सेक्टर में अपना करियर बनाना चाहती है। इसके साथ ही नगपुरा की वैष्णवी देवांगन ने दसवीं बोर्ड में मेरिट में 6वां, बलौदाबाजार के दिव्यांश देवांगन ने 10वीं बोर्ड में मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान तथा 12 वीं बोर्ड में जांजगीर की खुशी देवांगन ने मेरिट में 9 वां एवं रायपुर की भूमिका देवांगन ने 10 वां स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। घनश्याम देवांगन ने बताया कि कि इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बड़ी संख्या में देवांगन समाज की बेटे-बेटियों ने 80% से अधिक अंक लेकर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सामाजिक समारोह में देवांगन समाज के इन मेधावी बालक-बालिकाओं का सार्वजनिक सम्मान एवं अभिनन्दन किया जाएगा। देवांगन समाज के जरूरत मंद मेधावी बच्चों को आगे पढ़ाई करने के लिए यथासंभव मदद की जाएगी। इसके लिए प्रदेश स्तर पर सभी मेधावी बच्चों की जानकारी जुटाई जा रही है।

लाइव इवेंट

## राष्ट्र को समर्थ एवं शक्तिशाली बनाने के लिए 12 को घर-घर में गायत्री महायज्ञ

**भिलाई।** राष्ट्र को समर्थवान बनाने एवं सक्तिशाली एवं विश्वकल्याण के लिए 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में घर-घर में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगी। इस दिन पूरे विश्व में 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ, गायत्री मंत्र साथ ही देवस्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। गायत्री परिवार उप जोन कार्यालय भिलाई द्वारा दुर्ग-भिलाई सहित अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन पांच हजार घरों में एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ कर देवस्थापना की जाएगी। यज्ञ सम्पन्न कराने गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 स्थित उप जोन कार्यालय एवं संबंधित गायत्री प्रज्ञापीठो में महिला- पुरुष कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो भी व्यक्ति या श्रद्धालुगण अपने घरों अथवा सार्वजानिक स्थानों में जनकल्याण हेतु इस अभियान के तहत गायत्री यज्ञ करवाना चाहते हैं, वे 10 मई तक अपने नजदीकी गयात्री मंदिरों अथवा गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं। ताकि समय रहते साधन-सामग्री की व्यवस्था बनाई जा सके। यज्ञ कार्यक्रम आधे घंटे का होगा। हवन के लिए कुछ आवश्यक सामग्री गायत्री पुरोहित साथ में रखेंगे। घर में गायत्री यज्ञ निःशुल्क होगा, किंतु स्वेच्छिक दान स्वीकार्य होंगे। रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्रों में गायत्री यज्ञ कराने के साथ ही पूर्वव्यवस्था व सम्पर्क बनाने के लिए गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी की गई, जिसमे संस्थान के बीआर श्रीवास, मोहन उमरे, श्याम विश्वकर्मा, दयालाल साहू, पेखन साहू, रवि नाथ, राजकुमार ठाकुर, मन्नूलाल, अजीत सोनबोइर, यामिनी सोनबोइर, दिलेश्वर साहू, शिवप्रकाश वस्त्रकार, उषा लता आदि मौजूद थे।

- दुर्ग-भिलाई के 5 हजार से ज्यादा घरों में आयोजन की तैयारी, दिया जा प्रशिक्षण

लाइव इवेंट

## आपदा से निपटने भारत स्काउट ने मॉकड्रिल की शुरुआत की : सुनीता

**भिलाई।** भारत स्काउट एवं रोवर द्वारा ग्रीन चौंक स्टेशन रोड एवं रेल्वे स्टेशन परिसर में ट्रेनिंग देने का कार्य चालू हो गया है। संस्था या ओपन दल के रोवर रेंजर प्रभारी के साथ अधिक से अधिक संख्या में वालंटियर के रूप में कार्य करेंगे। भारत स्काउट-गाइड की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता बोहरा ने लोगों से अपील की है कि इस कार्य में शामिल होकर अनुभव और प्रशिक्षण लेने का प्रयास करें। अपना नाम व संस्था का नाम सूचित करें। जरूरत पडने पर जिला संघ के पदाधिकारी भी आपके साथ इस प्रशिक्षण में शामिल होंगे। स्काउट गाइड बच्चों को आत्मनिर्भरता के साथ-साथ संकट की घड़ी में जरूरत पड़ने पर कैसे बचाव करना और कैसे प्राथमिक उपचार देना आदि की जानकारी और ट्रेनिंग दी जा रही है।बच्चों को प्रोत्साहित करें और खुद भी मॉकड्रिल में या स्काउट गाइड द्वारा होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों। इस दौरान आपदा से निपटने, शारीरिक और मानसिक तनाव कम करने, प्रारंभिक उपचार से लेकर अन्य प्रकार की जानकारी दी जा रही है।




ग्रीन सिटी की ओर बढ़ते कदम : वन विभाग की नर्सरी में तैयार किए जा रहे पौधे, बढ़ते तापमान में नियंत्रित करने में होगी आसानी

# शहर के बोरसी भाठा और नगर सेनानी कार्यालय परिसर के 13 एकड़ में बनेगा ऑक्सीजन जोन, हरियाली बिखरने के साथ लगेंगे फलदार और छायादार पेड़

लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए दुर्ग शहर के दो जगहों पर नए ऑक्सीजन जोन तैयार किए जाएंगे। इसके लिए बोरसीभाठा में करीब 10 एकड़ और नगर सेनानी परिसर में 3 एकड़ की जगह चिन्हित की गई है। इतना नहीं 50 हजार से ज्यादा पौधे नर्सरी में तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें भविष्य में इन दोनों जगहों पर स्थापित किया जाएगा। इसे लेकर जुलाई और अगस्त में महाअभियान चलेगा। इन पौधों के पेड़ बनने के बाद बढ़ते तापमान में नियंत्रित रखने में सहायता मिलेगी। शुक्रवार को शहर विधायक गजेंद्र यादव और डीएफओ दीपेश कपिल ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन तैयार किए जाने को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही इस दिशा में कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

**दुर्ग।** बारिश का सीजन आते ही शहर में हरियाली का क्षेत्र बढ़ाने को लेकर वन विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। ताकि बढ़ रहे शहर के तापमान को नियंत्रित किया जा सके। दुर्ग शहर में पौधारोपण के लिए स्थल चयन किया जा चुका है। बारिश प्रारंभ होते ही पौधारोपण किया जायेगा। शहर में ऑक्सीजोन स्थापित होने से तापमान पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। बोरसीभाठा में रिक्त भूमि पर हरियाली का दायरा बढ़ाने वृहद स्तर पर पौधारोपण करने तैयारी की गई है। नगर सेनानी कार्यालय परिसर में भी पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 50 हजार से ज्यादा पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। डीएफओ दीपेश कपिल ने वन विभाग के नर्सरी में तैयार किए जा रहे पौधों की जानकारी विधायक गजेंद्र यादव को दी। वन विभाग के अधिकारी ने बताया की जिले की नर्सरी में विभाग की ओर से पौधों को तैयार किया जा रहा है। जिनका वितरण बरसात के समय किया जाएगा। विभाग की ओर से भी पौधे लगाए जाएंगे।







दुर्ग को ग्रीन सिटी बनाने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाकर पौधा रोपण करने कवायद की जा रही है। ठगड़ा बांध के दूसरे छोर बोरसी भाठा की ओर लगभग 10 एकड़ और नगर सेना कार्यालय परिसर में लगभग 3 एकड़ रिक्त भूमि पर पौधों की संख्या बढ़ाकर ऑक्सीजोन बनाने के लक्ष्य के साथ हजारों की संख्या में छायादार और फलदार पौधा लगाने पर काम किया जा रहा है। अभियान में सामाजिक संगठन और आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित किया जाना। शहर में पेड़ की छांव और आनंदित वातावरण होगा तो वाहनों के प्रदूषण की रोकथाम संभव हो पाएगी।

## मैत्री विहार और संजय तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

**भिलाई।** भिलाई निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने शुक्रवार की सुबह मैत्री विहार एवं संजय तालाब उद्यान का औचक निरीक्षण किया। उद्यानों की साफ-सफाई, सिंचाई व्यवस्था देखी। वहां उपस्थिति उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया कि उद्यानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। वहां लगाए गए शोभायमान पेड़-पौधे गर्मी में न सूखे इसके लिए पर्याप्त सिंचाई किया जाए। प्रतिदिन अलग-अलग जोन क्षेत्र के उद्यानों का मानिटरिंग करते रहें। जिस वृक्ष की डालियां ज्यादा झुके हुए हैं, उसे कटवा दिया जाए। इससे तेज हवा के दबाव से डालियां न टूटे और किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उद्यानों में प्रतिदिन बुर्जुग नागरिक टहलने, घूमने, व्यायाम करने आते रहते हैं, इसके साथ ही आस-पास के बच्चे भी खेलने आते हैं। उनको किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए टूटे हुए झूलों का संधारण कराने को कहें। आयुक्त पाण्डेय ने शरीर और दिमाग को चुस्त, दुरुस्त रखने के लिए मोबाइल की दुनिया से हटकर उद्यान के अंदर क्रिकेट खेल रहे मासूम बच्चों को देखें, आउटडोर गेम खेलने पर ज्यादा ध्यान दीजिए। इससे खेल के साथ-साथ शरीद मजबूत होता है और दिमाक भी तेज होता है। इन खेलो के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेलो में आगे बढ़ने में मदद मिलता है।



### उद्यानों को सुरक्षित करने के दिए निर्देश

आयुक्त ने उद्यान अधिकारी से कहा कि निगम के जितने भी उद्यान हैं और जिन उद्यानों के ग्रील, फैसिंग, पाथवे, नल टूटे एवं खराब अवस्था में है। उनको जल्द से जल्द संधारण कराया जाए, जिससे स्थानीय नागरिको को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। यह भी कहे कि कुछ माह पश्चात वर्षाऋतु का आगमन होने वाला है, इसके पूर्व उद्यानों में जहां पानी भराव की स्थिति बनती हो उसमें मिटटी डलवाकर सही कर दिया जाए, जिससे वहां बरसाती पानी का भराव न हो।

# संगीत और नृत्य के हुनरमंद कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मिला सम्मान

**भिलाई।** रूप रागनी म्यूजिकल और आरएंडआर डांस एकाडमी द्वारा संगीत एवं नृत्य का आयोजन एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 में किया गया। यह आयोजन ऑल इंडिया स्तर पर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और विशेष अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। प्रतियोगिता की निर्देशिका रूपाली साखरे एवं रश्मि देशमुख थीं। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर 3 से 10 वर्ष, जूनियर 11 से 17 वर्ष एवं सीनियर 18 से अधिक वर्ष के शामिल थे। इसके अतिरिक्त ग्रुप डांस और सुपर डांस श्रेणी में कोई आयु सीमा नहीं थी। इस प्रतियोगिता में डीआरआईडी सुपर मॉम सुपर 3 की टॉप 4 फाइनलिस्ट में से एक अनिला राजन भी कार्यक्रम में मौजूद थीं।विजेताओं में सब जूनियर प्रथम हीरा जैन, द्वितीय आदर्श आईसर, तृतीय वैभव पटेल, जूनियर ग्रुप में प्रिंस वानखेडे, रौनक मिश्रा, सीनियर में कुमकुम मिश्रा, रेणुका सिंह सहित सामूहिक नृत्य में यंग डांस एवं मेलोडी डांस एकल नृत्य में पलाबाज़ी आरिया सहित सीनियर में निशांत एवं धनंजय विजेता रहे सुपरमैन डांस में रोमा घटा कुमार मोनिका खुराना एवं नेहा श्रीवास्तव विजेता रहे। प्रतियोगिता में जज की भूमिका में जोयल, रविकांत चंद्राकर एवं प्रणिता कनस्कर थीं। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विनय सेन मंडल अध्यक्ष वैशाली नगर, अनिल साखरे पत्रकार, सविता मेश्राम अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, ख़ेमराज साखरे सालेकसा उपस्थित थे।

- आयोजन में सांसद विजय बघेल और वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन हुए शामिल







## एनसीसी कैडेट्स ने आपातकालीन स्थिति में बॉर्डर पर सेवा के लिए कलेक्टर से किया अनुरोध

**भिलाई।** देश में पाकिस्तान से युद्ध के हालात निर्मित हो गए हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पिछले दिनों दुर्ग जिले में मॉकड्रिल भी किया गया। ऐसे में देश में जहां पूर्व सैनिक पुनः अपनी सेवा देने की इच्छा ज़ाहिर कर रहे हैं। वहीं अब देश के युवा और सेकेंड लाइन ऑफ़ डिफेंस एनसीसी के भी कैडेट अपनी सेवा देने के लिए आगे आने लगे हैं। एनसीसी कैडेट ईश्वर उपाध्याय जामुल ने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के निर्देश पर हर प्रकार के सेवा देने का आग्रह किया है। ईश्वर वर्ष 2009 में सी सर्टिफ़िकेट परीक्षा उत्तीर्ण हैं। साथ ही स्काउट, गाइड, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एवं साहसिक खोज में भी ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके हैं। शूटिंग, ट्रैकिंग, युद्ध के दौरान प्राथमिक उपचार सहित अन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की है, कि उन्हें भी देश सेवा का मौका दिया जाए। उन्होंने समाजिक संगठन प्यारे राधा कृष्ण संस्कार मंच के माध्यम से कोविडकाल में लोगों को सहयोग प्रदान किया था।



विश्व रेडक्रास दिवस पर लगाया गया शिविर, समिति सदस्य, जूनियर रेडक्रास, यूथ रेडक्रास के वॉलेन्टियर ने किया रक्तदान

# दुर्ग का ब्लड बैंक प्रदेश में नंबर-1, साल में बारह हजार से ज्यादा यूनिट ब्लड किया जा रहा कलेक्ट

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में समिति सदस्यों, जूनियर रेडक्रॉस, यूथ और वालेंटियर्स ने ब्लड डोनेट किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में लगाए गए शिविर में 45 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। बता दें कि दुर्ग जिला अस्पताल का ब्लड बैंक प्रदेश में पहला ऐसा ब्लड बैंक है, जहां सबसे ज्यादा ब्लड कलेक्ट किया जा रहा। वर्तमान में यहां साल में 12000 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया जा रहा है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. शरद पाटणकर के नेतृत्व में आयोजित शिविर में रक्तदान का महत्व बताया गया। बताया गया कि सोसाइटी का भारत में उदय वर्ष 1918 से 1920 स्पैनिश फ्लू महामारी की अवधि में हुआ। संवैधानिक मान्यता 1920 में प्राप्त हुई। इंडियन रेडक्रास सोसायटी की 100 वर्षों से अधिक की यात्रा के दौरान विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर रेडक्रास के जन्मदाता सर जीन हेनरी डुनेंट को याद किया जाता है। आयोजित कार्यक्रम में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएस डॉ. हेमंत साहू, नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, प्रमोद वाघ, युवराज देशमुख, प्रबंधकारिणी सदस्य विजय ताम्रकार, गणेश ताम्रकार, प्रकाश परिहार, दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोनगांवकर, लक्ष्मीकांत, तृपेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



### टीचर्स और स्टूडेंट्स ने भी शिविर में किया रक्तदान

विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय दुर्ग में वृहद रक्तदान शिविर में एनजीओ, रेडक्रास समिति के सदस्यों, जूनियर रेडक्रास के सदस्य एवं काउन्सलर, यूथ रेडक्रास के वालेन्टियर, मोहनलाल जैन शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं के द्वारा कुल 45 यूनिट रक्त दान किया गया, साथ ही सभी रक्तदाताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान ट्राईग्लिसराइड को साफ करने में मदद करता है। रक्तदान से हृदय संबंधी दुर्घटनाओं और दिल के दौरे की संभावना कम हो जाती है। यह शरीर की ताज़ा रक्त कोशिकाओं के उत्पादन की क्षमता को बढ़ाता है। रक्त में लौह के स्तर को संतुलित रखता है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय दुर्ग

### जिला अस्पताल का ब्लड बैंक प्रदेश में पहले नंबर पर

रेडक्रास सोसाइटी द्वारा संचालित जिला अस्पताल का ब्लड बैंक प्रदेश में पहले स्थान पर है। पांच साल पहले तक साल में यहां औसतन 2500 यूनिट ब्लड एकत्रित होता था। वर्तमान समय में 12000 यूनिट तक एकत्रित हो रहा है। 2024 में 72 रक्तदान शिविर कर 11538 यूनिट ब्लड एकत्रित किया था। 2025 में अब तक 16 शिविर में 3082 यूनिट एकत्रित हो चुका है। इसका प्रमुख कारण संसाधन की उपलब्धता है। पांच साल पहले तक बाहर जाकर ब्लड डोनेशन शिविर करने न ब्लड कलेक्शन वैन थी और न ही डोनेशन से प्राप्त ब्लड को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीज थे। अवेयरनेस में भी कम थी। अब नियमित रूप से सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा जा रहा है। ब्लड बैंक के प्रभारी के रूप में डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि ब्लड कलेक्शन वैन का सरकारी पंजीकरण हुआ। ब्लड बैंक में स्टोरेज के लिए दो-दो माइनस 40 व 80 के फ्रीज भी आ गाए हैं।

### पहले प्लाज्म+I को बहाते थे, उसी से 12 लाख कमा रहे

माइनस 40 व 80 का फ्रीज नहीं होने से पहले प्लाज्मा को स्टोर नहीं कर पा रहे थे। सेपरेटर मशीन भी ठीक स्थिति में नहीं थी। इसलिए ब्लड का कोई तत्व बनाने पर बिना जरूरत के दूसरे तत्व नाली में बहा देते थे। प्लाज्मा के साथ ऐसा ही किया जाता था, लेकिन आज उसे स्टोर करने लगे हैं। आगे इसी को निजी कंपनी को बचकर सालाना 12 लाख आय कमा कर रहे हैं। इस प्रकार जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सुविधाओं का विस्तार हुआ है। इसका सीधा फायदा सिकलिंग, थैलीसीमिया, डायलिसिस और गर्भवती महिलाओं को हुआ है।

## सिटी इवेंट

# भारत भवन के कला शिविरों में छाये छत्तीसगढ़ी पीतल कारीगर



**भिलाई।** देश के प्रथम अभिव्यक्ति गढ़ के रूप में प्रसिद्ध भोपाल के भारत भवन की 43वीं वर्षगांठ पर भिलाई के साहित्य-संस्कृति आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने शिरकत की। यहां उन्हें देश-दुनिया की अनेक कला-संस्कृति विधाओं से रूबरू होने का अवसर मिला। आचार्य डॉ.शर्मा ने बताया कि उन्हें तब अधिक खुशी और गौरव हुआ कि यहां भी छत्तीसगढ़ छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ स्टेट अवार्डी छाई बाई झारा के साथ उनकी टीम में ओनामा झारा, कृष्ण झारा, देवना झारा एवं दयालाल झारा आदि लोगों को पीतल स्टिंग सिखा रहे हैं। मिट्टी-पीतल की मूर्ति बनाने वाले ये कलाकार रायगढ़ जिले से हैं। आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने सबसे मिलकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां निमाड़ी, बुंदेली और बघेली के साथ छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और लोकनृत्यों का मंचीय प्रदर्शन भी देखा। प्रसिद्ध लेखक अक्षय गुप्ता ने बताया कि पुराण गाथाएं माइथोलॉजी नहीं सत्यलॉजी हैं। यहां सातवें लिटरेचर एवं आर्ट फेस्टिवल के 60 सत्रों में अर्थशास्त्रियों, इतिहासविदों, पर्यावरणविदों और कलाकारों से साहित्यकारों ने संवाद किये। कालिदास के ऋतु संहार पर आधारित नाटक संवत्सर कथा की प्रस्तुति पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में हुई। देश-विदेश अनेकानेक सफल शैक्षणिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा ने बताया कि रवीन्द्र भवन, हिंदी भवन और संस्कार भारती आदि में रोचक रंगमंचीय कार्यक्रम लगातार देखे। कालिदास, आद्य शंकराचार्य, आनन्द मठ और स्वामी विवेकानन्द पर एकाग्र फिल्में भी रोचक और ज्ञानवर्धक दिखाई गई। धर्मवीर भारती की कालजयी कृति अन्धा युग का सफल मंचन रवीन्द्र भवन में किया गया। बालेन्द्र सिंह का निर्देशन और सभी पात्रों का अभिनय सराहनीय रहा। इसी क्रम में रंग बैलेट्रुप द्वारा डॉ.रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कृति रश्मि रथी पर आधारित मृत्युंजय कर्ण का मंचन भी सराहनीय रहा। डॉ.दिनकर की कृति संस्कृति के चार अध्याय से प्रेरित होकर डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने संस्कृति के चार सोपान कृति की रचना की।

- भोपाल के सांस्कृतिक समारोह से लौटकर आचार्य डॉ.शर्मा ने बांटे अपने अनुभव

## लाइव इवेंट

# छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति व साहित्यिक शिक्षक राम कुमार हुए सेवानिवृत्त



**भिलाई।** दुर्ग व बालोद जिले के कला संस्कृति समूह से जुड़े शिक्षक- शिक्षिकाओं ने नवाचारी व लोक संस्कृति, साहित्य के लिए समर्पित प्रधान पाठक राम कुमार वर्मा की सेवानिवृत्ति पर सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भिलाई 3 में किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि .पूर्व निदेशक जिला साक्षरता समिति दुर्ग प्रो. डीएन शर्मा, विशिष्ट अतिथि कलाविद् दुर्ग रोहिणी पाटणकर, सेवानिवृत्त व्याख्याता लेखराम मढ़रिया, संरक्षक व्हीव्हीआर मूर्ति ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।

## धर्म इवेंट

# काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार ये सभी माया के विकारः धामेश्वरी



**भिलाई।** लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण जुनवानी खम्हारिया रोड में चल आध्यात्मिक प्रवचन के पांचवें दिन जगत गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी ने वेदों के अनुसार संसार के स्वरूप को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि वास्तव में दो प्रकार का संसार होता है, एक भीतर का संसार, दूसरा बाहर का। कुछ ज्ञानी लोग कहते हैं कि संसार मिथ्या है और कुछ कहते हैं कि संसार सत्य है, ये दोनों बातें वेदों शास्त्रों के अनुसार सही सिद्ध हो जाती है। वास्तव में हमारे मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि माया के विकार होते हैं। साथ ही मन सतोगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, तीन तरह की माया के अधीन रहता है। इसी कारण हमारे मन के विचार प्रतिक्षण बदलते रहते हैं और यही कारण है कि संसार में किसी की किसी से नहीं पटती अर्थात विचारों में आपसी मतभेद रहता है। यह भीतर का संसार हमारे लिए ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि जैसे मानसिक विचार होते हैं। वैसे ही व्यक्ति की प्रवृत्तियां हो जाती है। कोई सतोगुणी, कोई रजोगुणी तो कोई तमोगुणी दिखाई पड़ता है। इसके विपरीत बाहर का संसार हमारे भौतिक शरीर को चलाने के लिए ईश्वर द्वारा बनाया गया है। बाहरी संसार सत्य है क्योंकि वह सदैव समान बना रहता है, पंचतत्व का हमारा शरीर, पंचतत्व के बने इस सत्य संसार से ही ठीक ठीक चलता है।

- लक्ष्मीनारायण मंदिर जुनवानी में 15 मई तक आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन

## ● गर्मियों में पक्षियों को बचाने मिट्टी के सकोरे लगाने जैन समाज के जीव दया ग्रुप की विशेष पहल

# पक्षियों की सुनें पुकार, आवश्यक स्थान पर रखें सकोरे, कोटना और दाना पात्र, बेजुबां को बचाने की हम सबकी है जिम्मेदारी

**भिलाई।** गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वे कहीं भी पानी मांगकर पी सकता है, लेकिन बेजुबां मासूम पशु-पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है और इन्ही कारणों से भारत में पाए जाने वाले कई विशेष प्रजातियों के पक्षियों की तड़पकर मौत हो जाती है। इस वर्ष मार्च से ही इस बढ़ते तापमान में पक्षियों को गर्मियों में मौत से बचाने के लिए दुर्ग जैन समाज का जीव दया ग्रुप, जन समर्पण सेवा समिति, डोनेट थोड़ा सा और ऊर्जा फाउंडेशन व उनके मित्रों के द्वारा मिट्टी के सकोरे लगाने के लिए विशेष पहल चलाया जा रहा है। जैन समाज के जीव दया ग्रुप द्वारा जहां 2 चलित रिक्शा को जल घर मे तब्दील कर लोगों के कंठों को तर करने दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य के लिए चलाया जा रहा है वही जन समर्पण सेवा समिति, डोनेट थोड़ा सा और ऊर्जा फाउंडेशन की टीम भिलाई-दुर्ग के पेड़ों में मिट्टी के सकोरे लगाने और कोटना बांटने का कार्य लगातार कर रहे है। जीव दया ग्रुप के अध्यक्ष मंयक बोथरा और डोनेट थोड़ा सा के संयोजक अभिजीत पारख ने स्वयं मिट्टी के सकोरे लगाकर इस पहल की शुरुआत कर सभी को अपने घरों के आंगन व बालकनी, आसपास के बाग बगीचे, पार्क, पेड़-पौधों आदि जगहों में लगाने के लिए आह्वान किया है। इन समाज सेवकों द्वारा चलाये जा रहे इस सराहनीय पहल का जिला प्रशासन दुर्ग समेत सभी लोगो के द्वारा काफी सराहा जा रहा है।




### 2 चलित और एक प्याऊ घर शुरू



जीव दया ग्रुप पिछले 13 वर्षों से जीव-जंतुओं की रक्षा के लिए अभियान चलाकर सेवा कार्य में लगे हुए है। मयंक बोथरा ने बताया कि इस सेवा कार्य में क्षेत्र के अनेक जागरुक नागरिक बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने राज्यों, जिलों व देश के विभिन्न स्थानों एवं रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशनों सहित प्रमुख स्थानों में प्याऊ घर, सकोरे एवं दाना पात्र की व्यवस्था की जाती रही है। इसी कड़ी में इस बार 2 चलित प्याऊ के साथ ही कुछ दिन पहले स्थाई प्याऊ घर पटेल चौक दुर्ग में शुरु किया गया है।

### समय- समय पर ऐसे पहल क्यों है जरूरत



ऊर्जा फाऊंडेशन रिसाली की सरिता पांडेय ने कहा कि आने वाले जेठ के महीने में और अधिक गर्मी बढ़ने की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। इस गर्मी में अगर सबसे ज्यादा शामत किसी की आ रही है तो वे है बेजुबान पक्षी की और बेजुबान पक्षियों की रक्षा हमारा कर्तव्य और धर्म है।जन सर्मपण सेवा समिति के बंटी शर्मा ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती पक्षियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की होती है। इन मासूमों को पीने को पानी ही नसीब नहीं हो रहा है और इसकी जिम्मेंदारी किसी सरकार की नहीं हमारी खुद की है, पक्षियों की पुकार को सुनें और इनके लिए सकोरे (जलपात्र) व दाना पात्र आवश्यक स्थान पर रखें, ताकि ये प्यासे और भूखे ना मरें।

### कई जगह पहले से रखे है कोटना




मयंक ने बताया कि इस बार पक्षियों के लिए लोगो को एक हजार से अधिक सकोरे और ढाई सौ से अधिक नया कोटना बांटा गया है। अनेक सेवादारों के घर पुराने कोटने पहले से रखे हुए है। इस वर्ष भी अनेक सामाजिक समितियों और उनके टीम के द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिए उनके द्वारा लगातार सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों सभी से अपील किया जा रहा है की मिट्टी के सकोरे में जल भरकर दाना पात्र घर की छत या बालकनी में अवश्य रखें, ताकि पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। जीव दया समिति दुर्ग क्षेत्र में हुए एक्सीडेंटल गायों का इलाज कराकर गौठान भेजने, गायों को रोटी खिलाने और पक्षियों के पिजरों से आजाद कराने जैसे सेवाकार्य लगातार करते रहते है।



### इस अभियान में शामिल



पक्षियों को बचाने इस अभियान में जीव सेवा ग्रुप के अध्यक्ष मंयक बोथरा, उपाध्यक्ष अशोक लोढ़ा, आशीष बोहरा, राहुल कोचर, ऋषि बोथरा, महेश पारख, अर्पित लोढ़ा, नीरज, ऋषभ गोलछा, विनय राहुल, गौरव, प्रफुल्ल चोपड़ा, महिला विंग में अर्चना बोहरा, पायल पारख, पूनम, तिरुमला, सुरभि, तेजल, सपना, साक्षी, नम्रता सहित अन्य सामाजिक लोग भी अपनी भागीदारी दे रहे है।

## आयोजन...

# सेहत की पाठशाला में बच्चों ने स्वस्थ रहने जाना सही खानपान



**भिलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई में गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने विद्यार्थियों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई है जिसमें बच्चें अलग-अलग विधाओं को सीखकर अपने मन के शुद्ध विचारों को फेनिफैस्ट कर प्राप्त करना सीख रहे है। इसी कड़ी में बच्चों को स्वस्थ तन और मन के लिए जरुरी विषयों को सेहत की पाठशाला में बताया गया। शास. पूर्व माध्य. शाला नेवई में विद्यार्थियों की अनवरत चल रही कार्यशाला में डॉ. नीलांजना जैन ने बताया है कि किसी भी कार्य को करने के लिए एक समय की प्रतिबद्धता होना आवश्यक है। इसलिए कागज पर सबसे ऊपर अपने विजन बोर्ड की हर चीज को जो आप मैनिफेस्ट करना चाहते है उसकी एक निश्चित तारीख लिखे। इसके बाद अपनी भावनाओं को मूर्त रूप देना सुनिश्चित करे। इसके बाद नीम वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान योग एवं सूर्य नमस्कार, मंत्रोचार के पश्चात सेहत की पाठशाला के माध्यम से कि ईश्वर की कृपा और माता- पिता के माध्यम से हमें मानव शरीर प्राप्त हुआ है इसकी देखभाल और यथा संभव स्वस्थ्य रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह मेनिफेस्ट करें। कार्यशाला के दौरान हेल्थ कोच शेष नारायण और सहदेव देशमुख द्वारा विद्यार्थियों को वातावरण और मौसम के अनुसार शरीर की प्रकृति के अनुरूप कौन सा व्यायाम करना, कितनी मात्रा में भोजन अथवा खाद्य पदार्थ और कितना पेय पदार्थ लेना चाहिए सहित अन्य प्रमुख बातों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। विद्यार्थियों ने आनंद और उत्साह के साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सुलेखा गाड़िया और कंप्यूटर शिक्षिका भुनेश्वरी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जगह-जगह दी गई सेवा

# मोहिनी एकादशी पर राहगीरों को बांटी लस्सी और आमरस



**भिलाई।** मानव सेवा ही माधव सेवा को मनाते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय महिला संगठन भिलाई इकाई के तत्वावधान में बैसाख माह शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी के अवसर पर नेहरु नगर चौक सहित जगह-जगह सेवा कार्य किये गये। आसमान से आग उगलते सूर्य की तपिश को झेलते हुए और लगातार पड़ रही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्रांतीय महिला संगठन भिलाई इकाई द्वारा दुर्ग-भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में राहगीरों के कंठो को तर करने लगभग पांच सौ ग्लास लस्सी और आमरस का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के दौरान सदस्याओं ने भिलाई-दुर्ग के विभिन्न चौक-चौराहों सहित नेहरु नगर, पावर हाउस और खुर्सीपार क्षेत्र में यह सेवा कार्य किया। जिसमें समिति की संरक्षिका गायत्री नेतराम, हेमलता, आशा, संगीता नेमीचंद, प्रेमलता, बीना, शारदा, उषा, संगीता आदि का सहयोग रहा।

## राष्ट्र सेवा के महायज्ञ में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्णः अश्वनी

# राष्ट्र सेविका समिति के राष्ट्रीय आयोजन में भिलाई की रही भागीदारी, 90 सेविकाओं ने दस स्वर रचनाओं का किया वादन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर अश्वनी नागले की अगुवाई में राष्ट्र सेविका समिति के राष्ट्रीय आयोजन में भिलाई की चुनिंदा महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पूरे देश से उपस्थित 90 घोष-वादिका सेविकाओं विभिन्न रागों से दस स्वर रचनाओं का घोष वादन किया। अश्वनी नागले ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शिव-शंकर की आराध्या और पुनर्निर्माण की पर्याय लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म-जयंती वर्ष पर राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूरे होने पर 90 घोष-वादिका सेविकाओं ने अपनी आदर्श अहिल्याबाई होल्कर को माहेश्वर के नर्मदा तट पर मानवंदना देते हुए विभिन्न रागों से निर्मित दस स्वर रचनाओं का घोष वादन किया।





### वादिकाओं का बढ़ाया मनोबल

कार्यक्रम से पहले राष्ट्र सेविका समिति की केन्द्रीय अधिकारी चित्रा जोशी ने वादिकाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यकर्ता के विभिन्न गुणों की व्याख्या उदाहरण सहित प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि खरगौन की जिलाधिकारी रेखा राठौर ने माँ भारती की इन तेजस्वी कन्याओं के स्वरलहरी की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणा लेकर यह बहनें तेजस्वी राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लक्ष्य-पथ पर निरन्तर अग्रसर रहेंगी। मुख्य वक्ता के रुप में अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका सुलभा देशपांडे ने कहा कि अहिल्याबाई पुण्यश्लोकी, न्यायप्रिय, वात्सल्य, शौर्य, समरसता, न्याय की प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने अहिल्या की जीवनी को अत्यन्त सरल शब्दों में प्रतिबिंबित कर विषम परिस्थितियों में भी राष्ट्र कार्यहिताय कटिबद्ध रहने का संदेश दिया। भाग्यश्री साठ्ये, मनिषा संत, पूनम, वसुधा, प्राची पाटिल, प्रांत की सभी कार्यकारिणी बहने, घोषवादिकाएँ, स्थानीय सेविकाओं के साथ-साथ दर्शक-दीर्घा में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने भी माहेश्वर के इस पौराणिक घाट पर अहिल्याबाई के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर नए आयाम गढ़ने को स्वप्रेरणा से प्रेरित हुए। इस अवसर पर अश्वनी नागले ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि सनातन संस्कृति और राष्ट्र सेवा के महायज्ञ में महिलाओं का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### खेलो इण्डिया यूथ गेम्स में भाग लेने छत्तीसगढ़ कलरिपयतु टीम बिहार रवाना




**रायपुर।** 7वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार के अलग अलग स्थानों पर किया जा रहा है। कलारिपयात्तु मार्शल आर्ट खेल का आयोजन 11 से 13 मई को किया जाना है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ की कलारिपयात्तु टीम 08 मई को कमलेश देवांगन के नेतृत्व में रवाना हुई। ऊपरोक्त जानकारी देते हुए जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने राज्य संघ के महासचिव कमलेश देवांगन के हवाले से बताया कि छत्तीसगढ़ टीम में 11 खिलाड़ी 04 अधिकारी शामिल हैं। जिसमे सर्वाधिक 06 खिलाड़ी कोरबा से 04 खिलाड़ी, बालोद जिले से और 01 खिलाड़ी रायपुर जिले से है। रायपुर से चयनित समिधा अग्रवाल स्थानीय विवेकानंद मार्शल आर्ट एकेडमी देवेन्द्र नगर के संचालक अमन यादव की शिष्या है। कोरबा जिले से कुमारी रागिनी–(तलवार–ढाल एवं डंडा फाइट), तवर्णा पटेल–(तलवार–ढाल एवं डंडा फाइट),कृष सिंधु– (तलवार–ढाल),राज गुप्ता– (तलवार–ढाल), अर्जुन कुमार चंद्रक–(डंडा फाइट), अनन्त स्वर्णकार–(डंडा फाइट), बालोद जिले से सोनम साहू–(हाई किक),जिया–(डंडा फाइट), साधिके दुबे–(डंडा फाइट),हर्षदीप साहू–(हाई किक) और रायपुर जिले से समिधा अग्रवाल(चुवादुकल–फ्री हैंड बेसिक लेग मूमेंट) शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 30 खिलाड़ियों का हुआ चयन



**रायपुर।** ताइक्वांडो इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में द्वितीय राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में 8 मई को किया गया है। ताइक्वांडो छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मुकेश पूरी गोस्वामी ने बताया की इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ से 30 बालक, बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया हैं। चयनित खिलाड़ियों का प्री नेशनल कोचिंग कैंप पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में 10 मई से आयोजित होंगी। श्री गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी में प्रतियोगिता के पूमसे, क्योंगरी वर्ग में फ्रेशर,अंडर 14,17,सीनियर महिला, पुरुष वर्ग में चयन किया गया हैं।


### राष्ट्रीय पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ टीम लखनऊ रवाना



**रायपुर।** उत्तर प्रदेश संघ एवं इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में 13वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 से 12 मई तक केडी सिंह बाबू इंडोर स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 18 महिला पुरुष खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों को नगर निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमति पूजा विधानी ने ट्रैक सूट वितरण किया और खिलाड़ियो को शुभकामनाये दी। छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट खेल के प्रदेश प्रमुख शेख समीर ने बताया कि टीम में 9 महिला और 9 पुरुष खिलाड़ी है, जो पूर्व मे भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। स्पर्धा में शेख अरबाज अली,अलवेणी राव बिलासपुर, मनीष निषाद, सकीना लहरे कबीरधाम, सूर्यकांत वर्मा, हिमांशी वर्मा, कल्याणी वर्मा बेमेतरा, मारकंडेय सिंह ममता पांडे, कविता धुर्वे, आनंदिता सिंह राजपूत बस्तर, नरेंद्र पांडे दुर्ग, अभिषेक देवांगन, मदन सिंह नेताम, हिमांशु परमाल, गरिमा साहू, हिमांशु साहू, नीलिमा साहू रायपुर एवं टीम के कोच आशीष जयसवाल और जनरल मैनेजर शेख समीर है।

### खेलो इंडिया स्विमिंग में अभय ने जीता ब्रॉन्ज

**रायपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन



बिहार गया में जारी है। बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्पर्धा में बिलासपुर के खिलाड़ी अभय प्रकाश साहू छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। जिसमे अभय प्रकाश साहू 200 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में जीता ब्रॉन्ज मेडल। बिलासपुर का यह तैराक पूर्व में भी राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीत चुका है। अभय की इस उपलब्धि पर संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## सेहत के लिए नुकसानदायक है नींद में बाधा

# रात में बढ़ जाती है बेचैनी और बार-बार खुलती है नींद, इसके पीछे की वजह के साथ जानिए उपाय

अक्सर लोग रात के समय में नींद खुलने की समस्या से परेशान रहते हैं। बहुत से लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं लेकिन ये आपके सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आइए इसे लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में नींद की समस्या एक आम शिकायत बन गई है। अक्सर लोग रात में बार-बार जागने की समस्या से परेशान रहते हैं। नींद न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह हमारी प्रोडक्टिविटी और मूड को भी प्रभावित करती है। अगर आपकी भी नींद रात में बार-बार टूटती है, तो यह स्थिति न केवल थकावट और चिड़चिड़ापन पैदा करती है, बल्कि अगर यह लगातार बनी रहे तो कई स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती है।

नींद में बार-बार खलल पड़ने के कई कारण हो सकते हैं। तनाव, अनियमित दिनचर्या, देर रात तक मोबाइल फोन का उपयोग, और अनुचित खान-पान इनमें प्रमुख हैं। देर से डिनर करने या भारी भोजन करने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है, जिससे नींद प्रभावित होती है। इसके अलावा, अनुचित समय पर वर्कआउट करना भी नींद को बाधित कर सकता है, क्योंकि व्यायाम से शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मोबाइल फोन की स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को कम करती है, जो नींद के लिए जरूरी है।



### नींद न आने पर क्या करें?

विशेषज्ञों के अनुसार, अगर नींद न आ रही हो, तो बिस्तर पर लेटे रहने के बजाय उठकर कुछ हल्की गतिविधियां करें। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं, पहेली (पजल) सॉल्व कर सकते हैं, या ऑडियो बुक सुन सकते हैं। ये गतिविधियां दिमाग को शांत करने में मदद करती हैं। हालांकि, इन गतिविधियों के दौरान तेज रोशनी या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल करने से बचें।

### रात में खाने से बचें

रात में देर से या भारी भोजन करने से नींद पर बुरा असर पड़ता है। डिनर और सोने के समय के बीच कम से कम 2-3 घंटे का अंतर होना चाहिए। हल्का और पौष्टिक भोजन नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। कैफीन और शराब जैसे पदार्थों से भी बचना चाहिए, क्योंकि ये नींद को बाधित करते हैं।



### मोबाइल फोन से दूरी बनाएं

बिस्तर पर जाने के बाद मोबाइल फोन का उपयोग करना नींद की सबसे बड़ी दुश्मन है। सोशल मीडिया, ईमेल या मैसेज चेक करने की आदत नींद को प्रभावित करती है। सोने से कम से कम एक घंटा पहले मोबाइल फोन का उपयोग बंद कर



देना चाहिए। अगर जरूरी हो, तो फोन को बेडरूम से बाहर रखें।

### वर्कआउट का समय बदलें

व्यायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है, लेकिन इसका समय नींद पर असर डाल सकता है। देर शाम या रात में भारी वर्कआउट करने से शरीर उत्तेजित रहता है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, वर्कआउट सुबह या दोपहर में करना चाहिए। अगर शाम को व्यायाम करना हो, तो हल्का व्यायाम करें।



## एसी की आदत आपको डाल सकती है मुश्किल में, ज्यादा इस्तेमाल से बचें

आज के आधुनिक युग में गर्मी से राहत पाने के लिए एयर कंडीशनर (एसी) का उपयोग आम बात हो गई है। घर, ऑफिस, मॉल से लेकर गाड़ियों तक एसी का इस्तेमाल किया जाता है। कई बार तो एसी को स्टेटस सिंबल के रूप में भी देखा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आप एसी में ज्यादा देर तक समय बिताते हैं तो इसका प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है?

रिपोर्ट के अनुसार एसी वैसे तो सुरक्षित है, पर एसी वाली जगहों पर वेंटिलेशन यानी हवा के आने-जाने की अच्छी व्यवस्था भी जरूर होनी चाहिए। इस रिपोर्ट के अनुसार, अगर आपका एसी खराब वेंटिलेशन वाली जगह पर लगा है तो आपको सिरदर्द, सूखी खांसी, चक्कर आने-मतली, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी और थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में विस्तार से समझते हैं।

### सिरदर्द और माइग्रेन का खतरा

एक्सपर्ट्स के अनुसार, जो लोग एसी में देर तक रहते हैं उनमें सिरदर्द और माइग्रेन का जोखिम बढ़ जाता है। इसका एक मुख्य कारण है कि एसी कमरे की हवा से नमी को सोख लेना है, जिससे हवा बहुत ज्यादा शुष्क हो जाती है। यह शुष्क हवा साइनस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, साथ



ही इस शुष्क वातावरण का प्रभाव हमारी आंखों पर भी पड़ता है, जो सिरदर्द का कारण बन सकता है।

इसके अलावा, जब लोग ठंडे एसी वाले माहौल से अचानक गर्मी में बाहर निकलते हैं, तो तापमान में यह तीव्र बदलाव कुछ संवेदनशील लोगों में माइग्रेन के दौरे को ट्रिगर कर सकता है।

### श्वसन संबंधी समस्याओं का खतरा

जो लोग एसी में ज्यादा देर तक रहते हैं, वो उनमें अन्य लोगों की तुलना में श्वसन संबंधी समस्याएं (नाक मार्ग में जलन, सांस लेने में परेशानी) अधिक होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि एसी से निकलने वाली ठंडी और शुष्क हवा सीधे संपर्क में आने पर नाक और गले की नाजुक झिल्लियों को सुखा सकती हैं, जिससे जलन, खराश और रूखापन महसूस हो सकता है। जिन लोगों को अस्थमा-ब्रोंकाइटिस की समस्या होती है उन्हें एसी में ज्यादा समय बिताने से बचना चाहिए। इसके पीछे का मुख्य कारण?

### मेटाबॉलिज्म पर असर

कुछ अध्ययनों और विशेषज्ञों के विचारों के अनुसार, एसी में लगातार एक समान ठंडे तापमान में रहने का असर शरीर के मेटाबॉलिज्म (चयापचय) पर भी पड़ सकता है। सामान्य परिस्थितियों में, जब शरीर को अलग-अलग तापमान का सामना करना पड़ता है, तो वह अपने आंतरिक तापमान को बनाए रखने के लिए कुछ ऊर्जा खर्च करता है। गर्मी लगने पर पसीना आता है और ठंड लगने पर शरीर गर्मी पैदा करने की कोशिश करता है।



## जेठ का महीना शुरू हो रहा 13 से, जानिए नियम और महत्व

ज्येष्ठ माह का जितना धार्मिक महत्व है उतना ही ज्योतिष शास्त्र में भी विशेष स्थान मौजूद है। ऐसे में आइये जानते हैं कि कब से शुरू हो रहा है जेठ का महीना और इस माह में क्या करना चाहिए एवं क्या नहीं करना चाहिए। पंचाग के अनुसार, वैशाख पूर्णिमा 12 मई को पड़ रही है। वहीं, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 12 मई, सोमवार के दिन रात 10 बजकर 25 मिनट पर हो रहा है और समापन 13 मई, मंगलवार के दिन को देर रात 12 बजकर 35 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, ज्येष्ठ माह का शुभारंभ 13 मई से होगा। सबसे शुभ संयोग यह है कि 13 मई से ही बड़े मंगल की शुरुआत हो रही है।

ज्योतिष गणना के अनुसार, 13 मई के दिन वरीयान योग और विशाखा नक्षत्र में ज्येष्ठ माह शुरू होने वाला है। जहां एक ओर वरीयान योग ब्रह्म मुहूर्त से लेकर सुबह 5 बजकर 53 मिनट तक रहेगा तो वहीं, दूसरी ओर विशाखा नक्षत्र ब्रह्म मुहूर्त में अपना स्थान लेकर सुबह 9 बजकर 9 मिनट तक विद्यमान रहेगा। ऐसे में दोनों योगों में आप हनुमान को प्रसन्न करने के लिए दान आदि कर सकते हैं या व्रत का संकल्प ले सकते हैं।

### ज्येष्ठ माह 2025 में क्या करें क्या न करें?

ज्येष्ठ माह में सूर्य की प्रचंड गर्मी होती है, और ज्योतिष में सूर्य को ऊर्जा और जीवन शक्ति का प्रतीक माना गया है। इस महीने में प्रतिदिन सूर्योदय के समय सूर्य देव को जल अर्पित करना और उनकी पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे मान-सम्मान, आरोग्य और तेज में वृद्धि होती है। आप 'ॐ घृणिः सूर्याय नमः' जैसे सूर्य मंत्रों का जाप भी कर सकते हैं।

ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में विशेष रूप से मनाया जाता है। यह दिन भगवान



हनुमान को समर्पित है। इस दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना करना, उन्हें सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाना, हनुमान चालीसा का पाठ करना और बूंदी के लड्डू का भोग लगाना बहुत फलदायी होता है। मान्यता है कि ऐसा करने से सभी प्रकार के कष्ट और संकट दूर होते हैं।

ज्येष्ठ माह में गर्मी बहुत अधिक होती है, इसलिए प्यासे लोगों और जानवरों को पानी पिलाना एक महान पुण्य का कार्य माना जाता है। राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था करना, प्याऊ लगाना या जरूरतमंदों को पानी की बोतलें दान करना शुभ होता है। इससे देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। अपनी क्षमतानुसार गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न और वस्त्र का दान करना भी इस महीने में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है।

भगवान विष्णु को तुलसी अत्यंत प्रिय हैं, और ज्येष्ठ माह में तुलसी के पौधे की पूजा करना और उसे जल देना शुभ माना जाता है। यदि संभव हो तो ज्येष्ठ माह में गंगा नदी में स्नान करना बहुत पवित्र माना जाता है। इस महीने में गंगा दशहरा का पर्व भी आता है।

## पूड़ियां तलने के बाद बचे तेल को आलू वाले हैक से मिनटों में कीजिए साफ



तेल में पूड़ियां या पकौड़े तलने के बाद वो गंदा हो जाता है। ऐसे तेल को ना फेंकने का मन करता है और ना ही उसका इस्तेमाल करने है। इस तरह के तेल को स्टोर करना भी बेकार ही साबित होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो आपको एक ऐसी वायरल ट्रिक के बारे में जानना चाहिए, जिससे आप बचे हुए तेल को फिर से साफ करके इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आलू की स्टाइस वाला हैक

अगर आपके पास पहले से बचा हुआ तेल हैं, तो आप उसे गरम करें। तेल में कच्चे आलू का स्लाइस डालें। इसके साथ ही आपको जो भी चीज फ्राई करनी है, उसे भी तेल में डालें। इस तरीके से तेल में कुछ भी तलने से वो हमेशा साफ रहता है। वायरल वीडियो को मुताबिक, आलू एक स्पंज की तरह काम करता है। इसे तेल में डालते ही यह उसके अंदर मौजूद गंदगी को सोंख लेता है। इसमें मौजूद स्टार्च तेल को काला होने से रोकता है।

### आलू को बदलते रहें

अब आपके मन में भी यही सवाल होगा कि तेल में आलू डालने पर वह कुछ ही देर में जल सकता है। जी हां, आप बिल्कुल ठीक सोच रहे हैं। ऐसे में आपको थोड़ी देर में आलू की स्लाइस को चेंज करना होगा। इसे तरीके से आपको तेल फ्राइंग के समय गंदा नहीं होगा।

## कार्नर न्यूज

## अपनाएं जीरो बजटिंग का फंडा और टेंशन को कहें बाय-बाय

# महीने के आखिर में खत्म हो जाती है सारी रकम और छा जाती है कंगाली, तो उठाएं कुछ ऐसे कदम

आमतौर पर नौकरीपेशा वाले लोगों की जेब महीने के आखिरी में लगभग खाली ही हो जाती है। ऐसे में अगर कोई जरूरी खर्चा आ जाता है, तो लोगों को लोन तक लेने की नौबत आ जाती है। अगर आप जीरो-बेस्ड बजटिंग का तरीका अपनाती हैं, तो यह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हर नौकरीपेशा इंसान इस बात से जरूर ताल्लुक रखता है कि महीने की शुरुआत में ऐसा लगता है जैसे जेब में पूरी दुनिया है, लेकिन महीने का आखिरी हफ्ता आते-आते जरूरतें बढ़ जाती हैं और पैसे कम लगने लगते हैं। कभी कभार तो लोन तक लेने का मन करने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो इसका एक स्मार्ट तरीका जीरो बजटिंग का है।

आज हम आपको बताएंगे कि जीरो-बेस्ड बजटिंग क्या होती है, इसे कैसे तैयार किया जाता है और ये आपकी जिंदगी और फाइनेंशियल प्लानिंग में कैसे बदलाव ला सकती है।

### जीरो-बेस्ड बजटिंग क्या होती है?

जैसा नाम से ही पता चलता है कि इस बजट को हर बार शून्य से शुरू किया जाता है। मतलब, पिछली बार आपने कितना खर्च किया, ये मायने नहीं रखता। हर खर्च को नए सिरे से सोचा और समझा जाता



है।इस बजटिंग में ये नहीं माना जाता कि पिछले साल ये खर्च हुआ था, तो इस साल भी होगा। यहां हर खर्च को बजट में शामिल करने से पहले खुद से एक सवाल पूछा जाता है कि क्या ये जरूरी है? इससे क्या फायदा होगा? इसका असली मकसद है कि पैसा वहीं खर्च हो जहां वाकई ज़रूरत हो और जो फालतू खर्च हैं, उन्हें हटा देना।

### जीरो-बेस्ड बजटिंग कैसे बनाएं

इसे बनाने के लिए कुछ आसान स्टेप्स को फॉलो करना होता है, इसमें हर खर्च के बारे में सोचकर और तर्क देकर बजट बनाना होता है। सबसे पहल यह तय करते हैं कि बजट में कौन-कौन से खर्चे शामिल होंगे यानी किन-किन जगहों पर खर्चा होना है और कितना पैसा लगेगा।

हर खर्च के लिए एक पैकेज तैयार करते हैं




यानी हर छोटी चीज के लिए प्लानिंग की जाती है, जिसमें लिखा जाता है कि ये खर्च किस चीज के लिए है, इसमें कितना पैसा लगेगा, इसकी जरूरत क्या है और इससे क्या फायदा होगा।

जब आप पैकेज तैयार कर लेते हैं, तो आपको कॉस्ट बेनिफिट एनलाइज के हिसाब से खर्चों को रैंकिंग देनी होती है यानी किस खर्च से सबसे ज्यादा फायदा होगा और किससे कम।

आखिर में, रैंकिंग के बेस्ड पर आप पैसों को डिवाइड करते हैं। सबसे जरूरी काम के लिए सबसे पहले पैसे निकालते हैं।

### जीरो-बेस्ड बजटिंग के फायदे

यह केवल एक बजट बनाने का तरीका नहीं है, बल्कि पैसों को समझदारी के साथ खर्च करने का तरीका भी है।

### फालतू खर्चों की छुट्टी

जब हर खर्च को सोच-समझकर किया जाता है, तो आप अपने आप ही गैरजरूरी चीजों में पैसा लगाना बंद कर देते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## साइमन पेग ने गिनाई 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की हैरतअंगेज खूबियां



हॉलीवुड फिल्मों की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की रिलीज में अब कुछ ही दिन बचे हैं। फिल्म के हीरो टॉम क्रूज के असली स्टंट्स के लिए महीनों से चर्चा में बनी हुई इस कड़ी की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइन रेकनिंग' में ही वह सबसे बड़ा राज खुलने वाला है जिसके पीछे एथन हंट ने अपने जीवन के करीब बीस साल लगा दिए हैं। और, इस पूरे सफर में अभिनेता टॉम क्रूज का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं अभिनेता साइमन पेग।

सायमन पेग, टॉम क्रूज और क्रिस्टोफर मैक्वेरी की तिकड़ी का अगला कमाल देखने के लिए 'मिशन इंपॉसिबल' फ्रेंचाइजी के प्रशंसक सांसें थामकर बैठे हैं। फिल्म चूंकि आईमैक्स फॉर्मेट में भी बनी है लिहाजा गर्मियों की इस बार की छुट्टियों में आईमैक्स थियेटर संचालकों को भी उम्मीद है कि इस फिल्म से उनको बढ़िया कारोबार मिलने वाला है। साइमन पेग बताते हैं कि ये फ्रेंचाइजी एक साझा सोच और शुरू से जिम्मेदारियों की बात करती रही है। कामयाबी के लिए टीम भावना को भी ये फ्रेंचाइजी मजबूत करती है।

सामयन कहते हैं, "टॉम और मैक्यू हमेशा इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि इस फिल्म फ्रेंचाइजी की कहानी को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। हर बार एजेंट एथन हंट के लिए चुनौतियां बड़ी होती जाती हैं और हर बार ये कहानी भावनात्मक रूप से और गहरी होती जाती है। यही हमेशा हमारा एकमात्र मंत्र रहा है कि हमें खुद को पीछे छोड़ना है। और हमने सच में ऐसा कर दिखाया है।"

### टॉलीवुड

## राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को मिलेगा बड़ा तोहफा, मेकर्स ने दी जानकारी



तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के फैंस के लिए एक बड़ी जानकारी सामने आई है। राम पोथिनेनी की अगली फिल्म को लेकर मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट दिया है। जिसको जानने के बाद राम के फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म को लेकर उनकी एक्साइटमेंट भी और बढ़ गई है। अभी फिल्म को रेपो 22 के नाम से संबोधित किया जा रहा है।

दरअसल, फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी ये है कि फिल्म का टाइटल टीजर कब सामने आएगा इसकी जानकारी मेकर्स ने दे दी है। इस नई अपडेट के मुताबिक, राम पोथिनेनी की अगली फिल्म का टाइटल टीजर 15 मई को अभिनेता के जन्मदिन पर जारी किया जाएगा। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये जानकारी शेयर की गई है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया, "एक प्रशंसक। एक शो। एक लाख भावनाएं। 'सागर' से मिलने के लिए तैयार हो जाइए। एक ऐसा फैनबॉय जिससे हम सभी खुद को जोड़ पाएंगे।"

महेश बाबू पी द्वारा निर्देशित इस इमोशनल-रोमांटिक फिल्म में भाग्यश्री बोस मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। राम ने इस फिल्म के लिए मेकओवर किया है और फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। ऐसे में फैंस भी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। अब सभी की निगाहें 15 मई पर टिकी हैं, जिस दिन फिल्म की पहली झलक सामने आएगी।

### भोजपुरी

## संभावना ने निरहुआ और पवन की तुलना में खेसारी को बताया अच्छा



अभिनेत्री संभावना सेठ पर्दे से तो दूर हैं। लेकिन एक वक्त था कि जब वह भोजपुरी इंडस्ट्री में चर्चा में थीं। उन्होंने वहां काफी काम किया और अपना नाम बनाया। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में उस इंडस्ट्री से जुड़ी काफी चीजों का खुलासा किया है। निरहुआ, पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे सुपरस्टार्स का जिक्र किया है और एक्ट्रेसेस को होने वाली दिक्कतों के बारे में चौंकाने वाली बात बताई है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में दोस्त नहीं होते हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि एक्ट्रेसेस के बीच खतरनाक इनसिक्योरिटीज होती हैं। संभावना सेठ ने एक इंटरव्यू में इंडस्ट्री में दोस्त मिलने के बारे में कहा कि एक्टर के मुकाबले, एक्ट्रेसेस में ज्यादा इनसिक्योरिटीज होती है। 'शायद लड़के दिखाते नहीं लेकिन लड़कियों में ज्यादा होती है।' उन्होंने कहा कि एक्ट्रेस को दूसरी एक्ट्रेस से जलन होती है। फिर वो चाहे काम से संबंधित हो या फिर किसी चीज-सामान को लेकर।

जब सवाल किया गया कि उन्होंने भोजपुरी इंडस्ट्री में काम किया है लेकिन वहां पर एक एक्ट्रेस दूसरी एक्ट्रेस का सपोर्ट नहीं करती। बल्कि उसे सार्वजनिक रूप से नीचा दिखाती है, इस पर संभावना से सेठ ने कहा, 'इंडस्ट्री बहुत बड़ी नहीं है। ले दे के... मानकर चलते हैं कि चार से पांच सुपरस्टार हैं। और इनके अलावा किसी दूसरे की गिनती नहीं है।' एक्ट्रेस ने यहां किसी का नाम लिए बगैर कहा कि जिन एक्ट्रेस का सुपरस्टार से अफेयर हो गया, उन्हें काम मिल जाता है, भले ही उनको काम न आता हो। और टैलेंटेड एक्ट्रेस, जिनका उन एक्टर्स से अफेयर नहीं हुआ, वो पीछे रह जाती हैं। संभावना ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में वह किसी को भाई या फिर दोस्त बोलती हैं।

## सफेद का सुकून

लाइफ स्टाइल



सफ़ेद रंग का फ़ैशन एक मज़बूत ट्रेंड बना हुआ है, ख़ास तौर पर वसंत और गर्मियों के लिए, डिज़ाइनर इसे अलग-अलग छवियों और बनावट में दिखाते हैं। सफ़ेद रंग के कपड़े, साफ़-सुथरी सिलाई, हल्के वज़न के कपड़े और एक्सेसरीज़ में सफ़ेद रंग का इस्तेमाल रंग को शामिल करने के लोकप्रिय तरीके हैं। हाल के लंदन फैशन वीक में सफेद कपड़ों का जलवा रहा। डिजाइनर ने यहां अपने कुछ खास कलेक्शन पेश किए।

## बालों की खूबसूरती बढ़ाने घर पर ही करें हेयर स्पा, मिलेगी तारीफ

बालों को खूबसूरती बढ़ाने के लिए हेयर-स्पा का सहारा ले सकती हैं। हेयर स्पा करने से जहां बालों को पोषण मिलेगा साथ ही, बाल की खूबसूरती भी बढ़ेगी। वहीं घर पर हेयर-स्पा कैसे करें इसके लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं। हर महिला चाहती हैं कि उसके बालों की खूबसूरती बनी रहे और बालों से जुड़ी समस्या उसके जीवन में कभी न आए। बालों को खूबसूरती बने रहे इसके लिए इनकी सही तरह से केयर करना साथ ही, इन्हें पोषण देना भी जरुरी है बालों को पोषण देने हेयर स्पा का सहारा ले सकती हैं। लेकिन, पार्लर में जाकर हेयर स्पा करवाने से काफी खर्चा होता है। वहीं अगर आप इस खर्च को बचाना चाहती हैं तो घर पर ही हेयर स्पा कर सकती हैं। घर पर हेयर स्पा कैसे करें इसके हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं जिन्हें फॉलो करके आप आसानी से घर पर ही हेयर स्पा कर सकती हैं।

### तेल से करें बालों की मसाज

हेयर स्पा करने के लिए आप तेल से बालों की मसाज करें और इसके लिए आप नारियल तेल, बादाम तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। सबसे थोडा-सा तेल लें और बालों पर अप्लाई करते हुए मसाज करें। तेल से बालों पर आप कम से कम 15-20 मिनट तक मसाज करें।

### बालों को दें स्टीम

बालों से जुड़ी समस्या कम हो साथ ही, इनकी चमक बनी रहे।



इसके लिए आप बालों को स्टीम दें। बालों को स्टीम देने के लिए आप तौलिया गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और इसके बालों पर लपेट लें और 10-15 मिनट बाद इसे हटा लें।

### हेयर मास्क करें अप्लाई

बालों को पोषण देने के लिए आप हेयर मास्क अप्लाई करें। हेयर मास्क आप नेचुरल चीजों क मदद से बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं और इसके लिए आप एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

आखिर में आप शैम्पू की मदद से बालों को धो लें साथ ही, कंडीशनर का भी इस्तेमाल भी करें और बालों के सूख जाने के बाद आखिर हेयर सीरम लगा लें।

## इस मौसम में स्टाइल करें खास तरह की ये लूज टी-शर्ट, रहेंगी कम्फर्टेबल



गर्मियों में कम्फर्टेबल कपड़े पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम हर तरह के कपड़ों को थोड़ा लूज पहनना पसंद करते हैं। ऐसे में आप भी अपने लिए लूज टी शर्ट को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट को पहनकर आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, इससे आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन वाली लूज टी शर्ट को वियर कर सकती हैं।



### कार्टून प्रिंट वाली टी शर्ट

आप स्टाइल करने के लिए कार्टून प्रिंट डिजाइन वाली टी शर्ट को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको काफी अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। इस तरह की टी शर्ट में आपको फ्रंट प्रिंट वाला डिजाइन मिलेगा। इसे अलावा आप चाहें तो इसमें छोटे प्रिंट वाली टी शर्ट भी ले सकती हैं। इससे भी आपका लुक अच्छा लगेगा।

### प्रिंट वाली लूज टी शर्ट

आप इस फोटो में नजर आने वाली लूज टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कम्फर्टेबल रहेगा। साथ ही, इस टी शर्ट को आप किसी भी चीज के साथ मैच करके वियर कर पाएंगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी।

### फ्रूटी प्रिंट वाली टी शर्ट

आप सुंदर नजर आएंगी जब आप फ्रूटी प्रिंट वाली टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको फ्रंट पर आपको फ्रूट प्रिंट मिलेगा। इससे आपका लुक कम्फर्टेबल नजर आएंगी। मार्केट में इस तरह की टी शर्ट 200 से 400 रुये में मिल जाएगी।

### मल्टी कलर प्रिंट वाली टी शर्ट

सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में आप भी मल्टी कलर प्रिंट वाली टी शर्ट को स्टाइल कर सकती हैंष इस तरह की टी शर्ट पहनने के बाद अच्छी लगेगी।

## डेली वियर के लिए बेस्ट हैं फ्लावर शेप पेंडेंट, लड़कियां जरूर करें ट्राई

अपने लुक को भीड़ से अलग और अट्रैक्टिव बनाने के लिए अगर आप भी खूबसूरत ऑउटफिट के साथ हर एक चीज का बड़ा ध्यान रखती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे खूबसूरत और लेटेस्ट ट्रेंडिंग पेंडेंट डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप डेली वियर में पहनकर अपने लुक को डिफरेंट बना सकती हैं। आइए जानते हैं इन पेंडट डिजाइन के बारे में।

### लेटेस्ट ट्रेंडिंग पेंडेंट डिजाइन

अगर आपको भी बाकि लड़कियों की तरह एक्सेसरीज पहनने का बहुत शोक है और आप भी अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत स्टाररी नाइट्स एमराल्ड पेंडेंट को ट्राई कर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। इस तरह के पेन्डेन्ट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल सकते हैं।

### खूबसूरत एमराल्ड फ्लावर पेंडेंट

यही नहीं अगर आप ऑफिस, कॉलेज या अपने दोस्तों के साथ बहार जाने का प्लान कर



रही हैं और आप अपने लुक से अपने सभी दोस्तों को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप न सिर्फ अपने आउटफिट बल्कि कुछ एक्सेसरीज ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। आप अपने ऑउटफिट के साथ इस खूबसूरत एमराल्ड फ्लावर पेंडेंट को शामिल कर सकती हैं।

### ऑर्नेट पर्ल पेंडेंट

आप इस खूबसूरत पेन्डेन्ट को भी ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीद कर इसे डेली वियर में पहन सकती हैं।इस पेंडेंट को पहनकर आप रोजाना अपने ऑफिस या कॉलेज में अपनी खूबसूरती से सभी को खुश कर सकती है। इस तरह के पेन्डेन्ट को आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ शामिल कर अपने लुक को क्लासी और मॉडर्न टच दे सकती हैं। इ

## चेहरे को बनाएं साफ और ग्लोइंग इस्तेमाल करें बेसन और टमाटर

जब भी हमारे चेहरे पर डलनेस नजर आती है, तो ऐसे में हम बेसन का इस्तेमाल करते हैं। बेसन को लगाने से चेहरे पर मौजूद टैनिंग भी कम हो जाती है। लेकिन इसे हम हमेशा दही या हल्दी के साथ इस्तेमाल करते हैं। इसे आप टमाटर के साथ इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन साफ के साथ ग्लोइंग नजर आएगी। चलिए आपको बताते हैं कैसे आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही, इसके क्या फायदे होते हैं।

### टमाटर और बेसन फेस पैक के फायदे

बेसन और टमाटर को चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ हो जाती है। इन दोनों चीजों को साफ में लगाने से आपके चेहरे पर एक्ने और पिंपल्स की समस्या कम होती है। ऑयली स्किन के लिए ये दोनों चीजें अच्छी होती हैं। सन टैन और डेड स्किन के लिए भी आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

**टमाटर और बेसन के फेस पैक का कैसे करें इस्तेमाल:** आप इसके लिए एक कटोरी में टमाटर को घीसकर इसका पल्प निकाल लें। इसमें 2 चम्मच



बेसन को मिक्स करें। इसके बाद इसमें हल्का सा शहद मिक्स करके इसे मिलाएं। इस पेस्ट को आप ब्रश की मदद से लगाएं। फिर इसे 10 से 15 मिनट के लिए सूखने दें। इसके बाद पानी से चेहरे को साफ करें। इससे आपकी त्वचा साफ हो जाएगी।

**इन बातों का रखें ध्यान:** आप अपने चेहरे पर इसे लगाने से पहले एक्सपर्ट राय जरूर लें। अगर आपकी सेंसेटिव स्किन है, तो इसके लिए आप पैच टेस्ट जरूर करें। चेहरे पर किसी तरह की अन्य समस्याएं हैं, तो ऐसे में आप बेसन के साथ किसी भी नई चीज को न लगाएं।

कार्नर न्यूज

### साल 2025 में पुरुषों के कई फैशन प्रोडक्ट हैं ट्रेंड में

## पुरुषों के लिए बेस्ट मेकअप ट्रेंड और प्रोडक्ट की मची है धूम, इस्तेमाल करने से पहले जानिए सबकुछ

मेकअप पर सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार खत्म हो चुका है। अब मेकअप वाला ट्रेंड पुरुषों की लाइफस्टाइल में भी एंट्री कर चुका है। ये एंट्री कुछ ऐसी हुई है कि बड़े शहरों के ज्यादातर पुरुष अब मेकअप ट्रेंड फॉलो करते हैं।

तब ही तो अब महिलाओं के साथ पुरुषों के मेकअप ट्रेंड भी खूब वायरल होते हैं। इस साल के लिए पुरुषों का मेकअप ट्रेंड आ चुका है। 2025 में पुरुषों का मेकअप ट्रेंड ऐसा है जो उनके लुक को सच में बेहतर बनाएगा।

पुरुषों के लिए इन मेकअप ट्रेंड को आप भी जानिए ताकि आपको भी अपने लुक पर मिलें फुल मार्क्स, चलिए पुरुषों के लिए 2025 ट्रेंड और प्रोडक्ट से रूबरू होते हैं-

### आइब्रो की ग्रूमिंग

मेकअप के ढेरों ट्रेंड आने के बाद भी आइब्रो के मेकअप पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है। बाकी चेहरे पर भले ही महंगे प्रोडक्ट लगा लिए जाएं लेकिन आईब्रो ऐसी ही रह जाती है। ऐसा महिलाओं के साथ भी होता है। फिर जब बात



पुरुषों की हो तब तो इसे भूल ही जाइए।

लेकिन 2025 का ट्रेंड ये कहता है कि पुरुषों को मेकअप करते हुए अपनी आइब्रो के मेकअप पर भी ध्यान देना होगा। वो ब्रो पेंसिल से खाली जगहों को भर सकते हैं तो आइब्रो को शेप भी दे सकते हैं। इससे लुक में बहुत अंतर आ जाता है।

**बीबी क्रीम:** बीबी क्रीम ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है जिसे लाइटवेट फाउंडेशन, कंसीलर और मॉइश्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल क्या जा सकता है। इसको स्किन कलर को ईवेन टोन दिखाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर स्किन में कोई दिक्कत है तो ये बीबी क्रीम उसको भी ढक लेती है। इसका फायदा ये भी होता है कि इस क्रीम को लगाने के बाद भी लगेगा ही नहीं कि मेकअप का इस्तेमाल किया गया है। नया ट्रेंड फाउंडेशन की जगह बीबी क्रीम को पुरुषों के साथ मेकअप के साथ जोड़ता है।

**मस्कारा:** अभी तक पुरुषों को मस्कारा लगाते नहीं देखा जाता था। लेकिन 2025 का ट्रेंड कहता है कि पुरुष भी अपने मेकअप में मस्कारा को जोड़ सकते हैं। इससे पुरुषों के



लुक में पलकें भी पूरा योगदान देंगी। मस्कारे से पुरुषों की पलकों को काफी वॉल्यूम मिल जाता है। इसके साथ पुरुष ड्रामेटिक लुक के लिए काले और भूरे रंग में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं।

**कंसीलर:** पुरुष मेकअप करेंगे तो फाउंडेशन भले ही चुन लें लेकिन कंसीलर इस्तेमाल करने का तो सोचते भी नहीं होंगे। लेकिन पुरुषों के लिए 2025 का मेकअप ट्रेंड कहता है कि उन्हें भी कंसीलर जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल कंसीलर डार्क सर्कल के साथ दाग-धब्बों को भी छुपा लेता है। कंसीलर का वो शेड लें जो आपकी स्किन टोन से पूरी तरह मैच करता हो। चेहरे पर ये नेचुरल लगे, इसके लिए कंसीलर को हाथों या ब्रश से ही लगाएं।

**लिप बाम:** पुरुष लिपस्टिक तो नहीं लगाएंगे लेकिन फटे हुए होंठ आपका लुक जरूर बिगाड़ देंगे। इसलिए एक अच्छा लिप बाम आपके पास जरूर होना चाहिए। इनके साथ अब कलर का ऑप्शन भी आता है।